'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, | अंक : 271 | पृष्ठ 08 | मूल्य 01 रुपए | सोमवार ,23 दिसंबर , 2024 | samachargate@gmail.com



## संक्षिप्त समाचार

### शाह के इस्तीफे के लिए अब कांग्रेस चलाएगी कैंपेन

● 26 जनवरी तक देशभर में प्रदर्शन होंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। गृह मंत्री अमित शाह की इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी अगले साल 26 जनवरी तक देशभर में कैंपेन चलाएगी। 22 और 23 दिसंबर को कांग्रेस के नेता 150 से ज्यादा शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। 24 मार्च को कलेक्ट्रेट पर मार्च निकालेंगे। 27 दिसंबर को कर्नाटक के



बेलगावी में पार्टी बड़ी रैली होगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को बताया कि संसद सत्र में संविधान पर चर्चा के दौरान अमित शाह ने अपने भाषण में बाबा साहब का अपमान किया है। शाह के बयान से सभी आहत हैं। अब तक अमित शाह या प्रधानमंत्री ने इसके लिए माफी मांगने की कोशिश नहीं की। कांग्रेस गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी तक इस मुद्दे को देशभर में उठाएगी। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी जानकारी दी थी कि लोकसभा और राज्यसभा के कांग्रेस सांसद सीडब्ल्यूसी सदस्यों के साथ देश भर के 150 अलग-अलग शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करेंगे।

### कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की बढ़ेगी मुसीबत

#### बरेली कोर्ट ने किया तलब, 7 जनवरी को होगी सुनवाई

बरेली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी के आर्थिक सर्वेक्षण संबंधी दिए गए बयान को लेकर बरेली जिला एवं सत्र न्यायालय ने उन्हें नोटिस जारी किया। कोर्ट सुनवाई के लिए 7 जनवरी 2025 तारीख तय हुई है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के विरुद्ध फौजदारी निगरानी स्वीकार कर शनिवार को सुनवाई करते नोटिस भेजकर तलब किया है। बरेली



सुभाषनगर निवासी अखिल भारतीय हिंदू महासंघ मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक ने अधिवक्ता वीरेंद्र पाल गुप्ता और अनिल द्विवेदी माध्यम से राहुल गांधी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए एमएलए-एमपी कोर्ट/सीजेएम कोर्ट में अर्जी दी थी। इसे कोर्ट ने 27 अगस्त को निरस्त कर दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए सेशन कोर्ट में रिवीजन फाइल की गई। अधिवक्ता वीरेंद्र पाल गुप्ता ने बताया कि राहुल गांधी राजनीतिक लाभ के लिए वर्ग विद्वेष की भावना पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस को सत्ता में लाने की ललक ठीक नहीं है।

# स्वामी श्रद्धानंद जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें: विपुल गोयल

## कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस कार्यक्रम में भाग लिया

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सागर सिनेमा में आर्य केंद्रीय सभा द्वारा आयोजित स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम में स्वामी श्रद्धानंद जी के साहस, समाज सुधार, और शिक्षा के प्रति समर्पण को याद किया गया। विपुल गोयल ने अपने संबोधन में स्वामी श्रद्धानंद जी की निस्वार्थ सेवा और सामाजिक एकता के प्रति उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की स्थापना और शुद्धि आंदोलन को समाज के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा, "23 दिसंबर 1926 केवल एक महापुरुष की नहीं, बल्कि उनकी अमर विचारधारा पर भी प्रहार था।



स्वामी जी का बलिदान हमें यह सिखाता है कि सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना कठिन होता है, लेकिन यही मार्ग समाज को नई दिशा देता है।"

कैबिनेट मंत्री ने स्वामी श्रद्धानंद जी द्वारा स्थापित गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने इसे वैदिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों को जीवित रखने का प्रयास कहा।

विपुल गोयल ने स्वामी जी के शुद्धि आंदोलन को कट्टरता और भेदभाव के खिलाफ एक सशक्त प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन समाज में समानता और एकता लाने का प्रेरणास्त्रोत है। साथ ही कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने जनता से स्वामी श्रद्धानंद जी के दिखाए मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा, "हमें शिक्षा, समानता, और समाज की एकता को बढ़ावा देना होगा। स्वामी जी के आदर्शों को आत्मसात करके ही हम सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, सामाजिक संगठन, और आर्य समाज के सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित जनसमूह ने स्वामी जी के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

**विपुल गोयल ने अपने उद्बोधन का समापन करते हुए कहा:**

"स्वामी श्रद्धानंद जी का जीवन और बलिदान हमें सिखाता है कि समाज की प्रगति के लिए सत्य, सेवा, और एकता का मार्ग अपनाना अनिवार्य है। आइए, हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और एक सशक्त समाज का निर्माण करें।"

कार्यक्रम का समापन स्वामी श्रद्धानंद जी की अमरता के जयघोष और आर्य समाज के सिद्धांतों के प्रति समर्पण के संकल्प के साथ हुआ।

# भीषण ठंड का कहर घाटी में जम गए झरने

### चिल्लई कलां से कांप रहा है कश्मीर, -4 तक पहुंचा पारा

### एमपी-यूपी समेत कई राज्यों में बन रहे बारिश के आसार





नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के उत्तरी राज्यों में तेज सर्दी का दौर जारी है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में में तापमान 0 डिग्री के नीचे बना हुआ है। हिमाचल में आज बर्फबारी का भी अलर्ट जारी किया गया है। इससे तापमान में और भी ज्यादा गिरावट हो सकती है। पंजाब-हरियाणा में भी शीतलहर के कारण तापमान में गिरावट दर्ज हुई। चंडीगढ़ में तापमान 0.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पंजाब के आदमपुर इलाके में पारा 1.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पंजाब में घना कोहरा भी देखने को मिला। अमृतसर, तरनतारन, बठिंडा, लुधियाना और बरनाला में विजिबिलिटी 100 मीटर दर्ज की गई। बर्फबारी और तेज सर्दी के साथ मौसम विभाग ने कुछ राज्यों में बारिश का भी अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश के 6 जिलों आज बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, मध्य प्रदेश राजस्थान में कल से बारिश होने की संभावना जताई गई है। जम्मू-कश्मीर में आज से चिल्लई कलां की शुरुआत हुई है। चिल्लई फारसी शब्द है, हिंदी में इसका मतलब बहुत ज्यादा ठंड होता है। अब अगले 40 दिन यहां काफी बर्फबारी होगी।

### राजस्थान में अब खत्म होगा वाइस प्रिंसिपल का पद

#### गहलोत राज के एक और फैसले को पलटने का निर्णय

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में भजनलाल सरकार शिक्षा विभाग को लेकर बड़ा कदम उठाने जा रही है। इसके चलते अब प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में वाइस प्रिंसिपल का पद समाप्त किया जाएगा। इसको लेकर शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत अब वाइस प्रिंसिपल के पद को डाइंग कैडर बनाने पर सहमति हुई है, अभी जो वाइस प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत शिक्षक हैं, उन्हें अब प्रमोशन दिया जाएगा, लेकिन इसके बाद इस पद पर किसी की भी नियुक्ति नहीं होगी। सरकारी विद्यालयों में वाइस प्रिंसिपल पद को समाप्त किए जाने को लेकर शिक्षक संघ लंबे समय से मांग कर रहे थे। उनका कहना है कि वाइस प्रिंसिपल पोस्ट के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। अब शिक्षक सीधे प्रिंसिपल के रुप में पदोन्नत हो पाएंगे, अभी व्याख्याता 4800 ग्रेड पे से पदोन्नत होकर 5400 ग्रेड पे पर वाइस प्रिंसिपल बनते हैं, लेकिन उन्हें नए नियम से फायदा होगा और 6600 ग्रेड पे के आधार पर प्रिंसिपल पर प्रमोशन होगा। शिक्षक संघ की मांग को लेकर शिक्षा विभाग ने भी जायज माना है, उन्होंने समीक्षा बैठक में इसे स्वीकार किया कि स्कूलों में वाइस प्रिंसिपल पद की कोई आवश्यकता नहीं है।

### हमारे फैसलों पर कोई वीटो नहीं लगा सकता..

## दिल्ली के मंच से दुनिया को जयशंकर का सख्त संदेश



नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को भारत की स्वतंत्र विदेश नीति पर जोर दिया। उन्होंने सांस्कृतिक विरासत के महत्व पर भी बात की। जयशंकर ने कहा कि भारत अपने फैसलों में राष्ट्रीय हित और वैश्विक भलाई को प्राथमिकता देगा। उन्हें 27वां श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती राष्ट्रीय एमिनेंस अवार्ड मिला है। यह कार्यक्रम नई दिल्ली में हुआ। जयशंकर ने कहा कि स्वतंत्रता को कभी भी तटस्थता से भ्रमित नहीं करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हम अपने राष्ट्रीय हित और वैश्विक भलाई के लिए जो भी सही होगा वो करेंगे। किसी के दबाव में नहीं आएंगे। भारत कभी किसी और को अपनी पसंद पर वीटो नहीं करने देगा। जयशंकर ने कहा कि भारत को आगे बढ़ते हुए अपनी परंपराओं को अपनाना चाहिए। उनका मानना है कि भारत की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति के महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं। दुनिया भारत की विरासत से सीख सकती है। उन्होंने वैश्वीकृत दुनिया में परंपरा और तकनीक के बीच संतुलन बनाने के महत्व पर जोर दिया। विदेश मंत्री का मानना है कि भारत को अपनी सांस्कृतिक ताकत का इस्तेमाल वैश्विक प्रभाव हासिल करने के लिए करना चाहिए। उन्होंने युवा पीढ़ी को अपनी विरासत के मूल्य को समझने के लिए प्रोत्साहित किया।

● कहा-हमारी आजादी को न्यूट्रेलिटी से कनफ्यूज न करें

● विदेश मंत्री ने कहा-हम वही करेंगे जो राष्ट्रहित में होगा

# पीएम मोदी को मिला कुवैत का सर्वोच्च सम्मान

● 'ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से किए गए सम्मानित ● अब तक 20 देश कर चुके हैं सम्मानित, बढ़ा देश का मान

कुवैत सिटी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुवैत दौरे के दूसरे दिन सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर से सम्मानित किया गया है। उन्हें ये सम्मान कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने दिया। ये सम्मान पाने वाले मोदी पहले भारतीय पीएम हैं। मोदी को किसी देश से मिलने वाला ये 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर कुवैत का एक नाइटहुड ऑर्डर है। यह कुवैत का सर्वोच्च सम्मान है। यह अवार्ड दोस्ती की निशानी के तौर पर राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी शासकों और विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को दिया जाता है।





### कुवैत में भारतीयों ने भारतीयता का तड़का लगाया

मोदी ने कहा कि आपमें से कितने ही लोग पीढ़ियों से कुवैत में रह रहे हैं। बहुत सारे लोगों का जन्म ही यहीं हुआ है। हर साल यहां रहने वाले भारतीयों की संख्या बढ़ती जा रही है। आपने कुवैत के समाज में भारतीयता का तड़का लगाया है। आपने कुवैत के कैनवास पर भारतीय हुनर का रंग भरा है, यहां भारत के टैलेंट, टेक्नोलॉजी और ट्रेडीशन का मसाला मिक्स किया है। मैं यहां सिर्फ आपसे मिलने नहीं आया हूं बल्कि आप सभी की उपलब्धियों को सेलीब्रेट करने के लिए यहां आया हूं। पीएम ने कहा कि मैंने यहां काम करने वाले भारतीय मजदूरों और कर्मचारियों से मुलाकात की। ये साथी यहां कंस्ट्रक्शन से जुड़े हैं। इसके अलावा बाकी लोग भी दूसरे सेक्टर में पसीना बहा रहे हैं। भारतीय समुदाय के डॉक्टर्स, नर्स कुवैत के मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए बहुत बड़ी शक्ति हैं।

● भारत और कुवैत को वर्तमान ही नहीं, अतीत ने भी जोड़ा- मोदी ने कहा कि आज भारत रेमिटेंस के मामले में सबसे आगे है, तो इसका बहुत बड़ा श्रेय आप सभी मेहनतकश साथियों को जाता है। देशवासी भी आपके इस योगदान का सम्मान करते हैं। भारत और कुवैत का रिश्ता सभ्यताओं का, व्यापार-कारोबार का है। भारत-कुवैत अरब सागर के दो किनारे पर बसे हैं। हमें सिर्फ डिप्लोमेसी ने ही नहीं दिलों ने भी आपस में जोड़ा है। हमें वर्तमान ही नहीं, अतीत ने भी आपस में जोड़ा है। पीएम ने कहा कि एक वक्त था जब कुवैत से मोती, अच्छी नस्ल के घोड़े भारत जाते थे। वहीं भारत से मसाले, कपड़े, लकड़ी कुवैत आती थीं। कुवैत का मोती, भारत के लिए किसी हीरे से कम नहीं है। आज भारत की ज्वैलरी की पूरी दुनिया में धूम है तो इसमें कुवैत को मोतियों का योगदान है। गुजरात में तो हम बड़े-बुजुर्गों से सुनते आए हैं कि किस तरह कुवैत से भारत व्यापारी आया करते थे। 19वीं शताब्दी में ही यहां से व्यापारी सूरत जाने लगे थे। तब सूरत कुवैत के मोतियों के लिए इंटरनेशनल मार्केट हुआ करता था।

# जाट समाज ने दी पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व.ओमप्रकाश चौटाला को आज सैक्टर-16 स्थित किसान भवन में जाट समाज फरीदाबाद की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समस्त सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने एक मिनट का मौन रखकर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत आत्मा की शांति हेतु गायत्री मंत्र और शांति पाठ का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर जाट समाज के प्रधान जेपीएस सांगवान ने कहा कि ओमप्रकाश चौटाला ने स्वच्छ राजनीति के साथ-साथ हमेशा गरीब, मजदूर एवं कमेरे वर्ग के लिए संघर्ष किया। अपने पिता चौ. देवीलाल के पदचिन्हों पर चलकर उन्होंने राजनीति में नए आयाम स्थापित किए। संस्था के महासचिव एवं सीडब्ल्यूसी के पूर्व चेयरमैन एच.एस. मलिक ने कहा कि स्व. ओमप्रकाश चौटाला किसान परिवार से जुड़े थे। उन्होंने हमेशा किसानों की हिमायत की और किसानों की उन्नति के लिए वह संघर्ष करते रहे। ओम प्रकाश चौटाला ने हरियाणा की मुख्यमंत्री पद की 5 बार शपथ ली और प्रदेश को बुलंदियों पर पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश चौटाला की कुछ नीतियां आज भी हरियाणा प्रदेश में लोगों को सहुलियतें प्रदान कर रही हैं। इस अवसर पर सीनियर वाइस प्रेसिडेंट आर.एस. दहिया, आर.एस. राणा, एच.एस. ढिल्लो, रमेश चौधरी, सूरजमल, बलजीत, जितेंद्र चौधरी, दरयाब सिंह, फूलसिंह ने भी अपने अपने विचार और अनुभव रखते हुए ओमप्रकाश चौटाला को श्रद्धासुमन अर्पित किए।



# केरल में जल विद्युत परियोजनाओं के साथ सौर ऊर्जा को भी दी जाएगी गति



**चंडीगढ़ ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास विजन को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल साकार कर रहे हैं। देश के हरके राज्य में पहुंचकर खुद विकास का रोडमैप तैयार कर रहे हैं। उत्तर से लेकर दक्षिण और पूर्वर्ती राज्यों में केंद्रीय परियोजनाओं को गति देने के बाद रविवार को केरल पहुंचे। केरल में वामपंथी दलों की साझा सरकार है, परंतु मनोहर लाल ने सबका विकास विजन के तहत राज्य में केंद्रीय परियोजनाओं को रफ्तार देने की नई पहल की है।

समुद्र तट के दक्षिण-पश्चिमी राज्य केरल में पन बिजली के साथ सौर ऊर्जा का अच्छा खासा स्कोप है। लिहाजा, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों को सौर ऊर्जा की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही शहरी क्षेत्रों के विकास और बुनियादी सुविधाओं को मजबूती देने को लेकर भी अधिकारियों को योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए। यहां पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय परियोजनाओं की समीक्षा की। केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने केरल के ऊर्जा मंत्री के कृष्णनकुट्टी और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राज्य में जल विद्युत और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं को बढ़ावा देने का रोडमैप तैयार किया है।

ऊर्जा परियोजनाओं में एनटीपीसी पीपीए को मजबूत करने और एचवीडीसी प्रणालियों को अनुकूलित करने के वित्तीय सहयोग पर चर्चा हुई। इसके साथ ही केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने केंद्र सरकार की परियोजनाओं को गति देने के भी निर्देश दिए, जिसमें पीएमएवाई-यू 2.0, अमृत, एसबीएम 2.0 और इलेक्ट्रिक बस की शुरुआत शामिल है।

खास बात यह है कि केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की और ऊर्जा एवं शहरी विकास परियोजनाओं पर चर्चा की। यही नहीं उन्होंने केरल राज्य के विकास को लेकर केंद्रीय मंत्री से नए प्रोजैक्टों का शुरू करने का आग्राह भी किया। वहीं, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने शहरी विकास के साथ ऊर्जा की परियोजनाओं को बढ़ावा देने और बुनियादी ढांचे की मजबूती के सहयोग का आश्वासन दिया। मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि केरल में शहरी विकास और ऊर्जा परियोजनाओं को तेजी में केंद्र सरकार की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा।

## फरीदाबाद में प्रेमी संग मिलकर पति को उतारा मौत के घाट

फरीदाबाद-शहर में हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां पर एक पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। पति को महिला के नाजायज संबंधों के बारे में पता चल गया था। इसलिए महिला ने पति को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या का प्लान बनाया। महिला के प्रेमी ने पहले उसके पति को शराब पिलाई। फिर पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को पहाड़ी पर ले जाकर पत्थर के नीचे दबा दिया। पति की मौत के बाद महिला अपने प्रेमी संग फरार हो गई। पुलिस ने अधजली अवस्था में युवक के शव को बरामद कर लिया है। मामल दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। मृतक की पहचान फरीदाबाद के थाना धौज इलाका निवासी तैय्यब के रूप में हुई। मृतक तैय्यब की बहन शबनम ने बताया है कि उसके भाई की शादी 12 साल पहले पाखल गांव की रहने वाली अनीशा के साथ हुई थी। उसके 2 बच्चे भी हैं। शबनम का कहना है कि वर्षों से अनीशा पति तैय्यब के साथ अपने मायके में ही रहती थी। इसी दौरान उसका एक रवि नाम के लड़के से अफेयर हो गया। उसके रवि के साथ अवैध संबंध थे। जब इसका पता तैय्यब को चला तो उसने अनीशा से कहा कि अब वह यहां नहीं रहेंगे। मृतक की बहन का कहना है कि तैय्यब ने अनीशा से मां के पास चलकर रहने को कहा, लेकिन अनीशा नहीं मानी। इसके बाद लगभग 6 सालों से अनीशा तैय्यब से अलग रह रही थी। हालांकि, रवि और अनीशा के संबंध बने रहे। शबनम ने बताया कि बीते सोमवार को रवि ने तैय्यब को फोन कर पाखल टोल के पास बुलाया था। फिर उसे 2 अन्य साथियों के साथ रवि ने शराब पिलाई। इसके बाद उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। मारने के बाद उसके शव को जला दिया और पत्थरों में दबाकर फरार हो गए। 6 दिन बाद शनिवार को तैय्यब का शव मिला है।

## गौशाला व अस्पताल बनाकर सरकार को दान करना चाहता है दादरी का रिटायर्ड सूबेदार, सीएम को लिख चुका पत्र



चरखी दादरी। मौजूदा समय में देखने को मिलता है जमीन के छोटे से टूकड़े के लिए अपनों का खून कर दिया जाता है। यहीं नहीं जमीन के लिए अपने ही अपनों के खिलाफ कोर्ट में लड़ाई लड़ते मिलेंगे, लेकिन इन सब से हटकर चरखी दादरी जिले के बिलावल निवासी रिटायर्ड सूबेदार सुमेर सिंह अपनी कष्ट कमाई से खरीदी गई 8 एकड़ जमीन को जनसेवा व गौसेवा के लिए दान करना चाहते हैं। इसके लिए बकायदा उन्होंने हरियाणा सरकार को रजिस्टर्ड पत्र व ई-मेल भेजा है। बस अब उन्हें वहां से उत्तर का इंतजार है उसके बाद आगामी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। रिटायर्ड सूबेदार सुमेर सिंह ने दस्तावेज दिखाते हुए बताया कि वह 25 साल सेना में सेवाएं देने के बाद 1999 में सूबेदार के पद से रिटायर्ड हुए थे। उसके बाद से वे जयपुर में रहते हैं और समाज सेवा को अपनाया। बाद में ग्रामीणों के आह्वान पर गांव बिलावल में भी समाज हित में अपना योगदान शुरू किया। वे अपने स्वर्गीय माता-पिता के नाम से गांव में अस्पताल व गौशाला बनाकर सरकार को दान करना चाहते हैं। जिसके लिए उन्होंने पीएम व सीएम के नाम रजिस्टर्ड पत्र भेजा है। उन्होंने बताया कि 24 सितंबर 2024 को पत्र रजिस्टर्ड डाक से सीएम को भेजा था उसके बाद से सीएमओ कार्यालय से उनके पास फोन भी आ चुका है। जल्द ही सीएम से मिलकर इस पर विचार-विमर्श कर प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

### सीएम से मिलकर करेंगे एग्रीमेंट: सुमेर सिंह

सुमेर सिंह ने बताया कि वे सीएम से मिलकर अपनी शर्तें उनके समक्ष रखेंगे और उनका एग्रीमेंट करवाना चाहता है। उन्होंने कहा कि उनकी शर्त है कि वे अपनी जमीन पर अस्पताल का भवन बनाकर सरकार को सौंप देंगे लेकिन उस अस्पताल की आगे की देखरेख सरकार करे। सरकार उसमें स्टाफ उपलब्ध कराएं और उपचार में लिए आने वाले लोगों से पांच रुपये पंजीकरण फीस से अधिक ना ली जाये। इसके अलावा अस्पताल का नाम उनके पिता देशराम व माता अणचाई के नाम पर हो।

### बेटी बचाने के लिए भी गांव में चलाई मुहिम

सुमेर सिंह ने हरियाणा में लिंगानुपात को देखते हुए बेटी बचाने के लिए भी मुहिम चलाई। इसके लिए उन्होंने अपने गांव में लड़की जन्म पर 5100 रुपये की एफडी करवाई है। इसके अलावा लड़की के विवाह अवसर पर भी उन्होंने प्रोत्साहन राशि कन्यादान के रूप में दी।

## 'उल्टा चोर कोतवाल को डाटें'. राहुल गांधी पर एफआईआर होने पर कुमारी शैलजा का भाजपा पर निशाना



**चंडीगढ़/फतेहाबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा का लोकतंत्र और संविधान में कोई विश्वास नहीं रहा है, भाजपा दलित विरोधी है, किसान विरोधी है और नागरिक विरोधी भी है, सरकार आंदोलनरत किसानों से बातचीत करने के बजाए उन पर कहर बरपा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि संसद परिसर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के साथ भाजपा सांसदों ने धक्का मुक्की की और उल्टा एफआईआर राहुल गांधी के खिलाफ ही दर्ज करवा दी यानि उल्टा चोर कोतवाल को डाटे। लोकसभा अध्यक्ष को इस पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि भाजपा सांसदों ने उनके ही निर्देश का पालन नहीं किया।

वे रविवार को फतेहाबाद में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम विपक्ष में है और विपक्ष का काम ही जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाना होता है, संसद परिसर में पहले भी विरोध प्रदर्शन होते है जब स्पीकर ने निर्देश जारी किए कि सीढ़ियों पर खड़े होकर कोई प्रदर्शन नहीं होगा, हमने उसका पालन किया जब हम डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन कर जा रहे थे तो भाजपा के सांसद पहले से डंडे और पोस्टर लेकर खड़े हुए थे, सत्ता पक्ष ऐसा कर रहा था जो शर्मनाक था। उनका कहना है कि सत्ता पक्ष के सांसदों ने उनके सांसदों के साथ धक्का मुक्की की, जिसमें हमारे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गिर गए थे और आरोप हम पर लगाया जा रहा है, एफआईआर भी हम पर ही दर्ज करवाई गई यानि एक तो चोरी और ऊपर से सीना जोरी। उन्होंने कहा कि भाजपा आज देश में औछी राजनीति कर रही है, सत्ता पक्ष ने स्पीकर की बात तक नहीं मानी ऐसे में स्पीकर को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि संसद परिसर में विपक्षी सांसदों का रास्ता किसने रोका, कौन हाथों में डंडे और पोस्टर लेकर आया था और किसे धक्का दे रहा था सबने देखा है, हालात ये है कि भाजपा का संसदीय प्रणाली और लोकतंत्र में विश्वास नहीं रहा है। अग्रोहा रेल लाइन के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह सवाल हमने उठाया पर जवाब नाकारात्मक मिला, अब भाजपा से पूछें दस साल से उनका राज था, इन दस सालों में उन्होंने क्या किया, अभी तक अधेंरे में रखा हुआ है। उन्होंने कहा कि घग्घर नदी के प्रदूषण का मुद्दा उठाया, गोरखपुर परमाणु संयंत्र का मुद्दा उठाया पर कुछ भी ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के वायदों पर विश्वास नहीं किया जा सकता क्योंकि वह केवल वायदा करना जानती है, कोई भी वायदा पूरा नहीं किया। अब सिरसा में मेडिकल कालेज को ले लो कई बार शिलान्यास हो चुका है पर निर्माण अभी तक नहीं हुआ, अब नए सीएम ने भी कुछ किया है पर ईंट अभी तक नहीं लगी। उन्होंने कहा कि आज किसी भी विभाग में चले जाओ शिकायतकर्ताओं की लाइन लगी हुई है, भाजपा सरकार ने दस साल में क्या किया। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार पर उन्होंने कहा कि सबको उम्मीद थी कि कांग्रेस की सरकार बन रही है लेकिन ऐसा हुआ नहीं। एक सवाल को लेकर उन्होंने कहा कि उनके 09 लोगों को टिकट मिली जिनमें से छह जीते, पार्टी हार को लेकर मंथन कर रही है, कुछ सीटों पर बागी खड़े हुए जिन्हें रोका जा सकता था, अब प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया भी कह चुके है कि 14-15 सीटों पर टिकट वितरण सही नहीं हुआ। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा किसानों के साथ आज तक विश्वासघात करती आई है, सरकार ने दो साल पहले एमएसपी को कानूनी दर्जा देने का वायदा किया था पर क्या हुआ। किसान आमरण अनशन पर बैठा हुआ है पर सरकार के पास किसानों से बातचीत करने का समय तक नहीं है।

## अपना बनाकर लूटा: सोनीपत में ठग ने पहले महिला को बनाया बहन, फिर धोखा कर ऐंठ लिए लाखों रुपये




**सोनीपत ।** हरियाणा में आए दिन धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। ठग नए-नए तरीके से लोगों को झांसे में लेकर ठगी करते हैं। ताजा मामला सोनीपत से सामने आया है जहां जिले में लाखों रुपए की धोखाधड़ी हुई। आरोपी ने महिला को पहले अपनी बहन ( धर्म बहन ) बनाया और फिर अपनी चिकनी चुपड़ी बातों में फंसाकर उससे 34.50 लाख रुपये ठग लिए। इसके बाद आरोपी फरार हो गया है। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है।

बताया जा रहा है कि महिला के बेटे को विदेश भेजने और रिश्तेदारों को नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी की गई है। आरोपी ने महिला का धर्म भाई बनकर पहले विश्वास में लिया और बाद में नकदी ऐंठ ली। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि मुरथल निवासी महिला के साथ उसकी सत्संग में जान पहचान हुई थी। उसने उनकी पहचान जींद के गांव मांडी कलां निवासी नरेश से कराई थी। बताया गया था कि वह हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में कार्यरत है। वह कई युवकों को नौकरी लगवा चुका है और कई को अमेरिका (यूएसए) भिजवा चुका है। उसके बाद आरोपी का उनके घर आना-जाना हो गया। उसने उन्हें धर्म बहन बना लिया। नरेश ने उन्हें कहा था कि कोई युवक ग्रुप डी में या क्लर्क की नौकरी चाहता है तो वह उन्हें नौकरी लगवा सकते हैं। जिस पर उन्होंने अपनी ननद के पोते साहिल को नौकरी लगवाने के लिए अलग-अलग समय में तीन लाख रुपये दिए। साथ ही अपने जेठ के बेटे अक्षय को ग्रुप डी में लगवाने के नाम पर ढाई लाख रुपये दिए। एक अन्य परिचित सुमित को क्लर्क की नौकरी दिलवाने के लिए तीन लाख रुपये दिए। अन्य परिचित सोहित व मोहित को नौकरी लगवाने के नाम पर सात लाख रुपये दिए गए।

### मारने की धमकियां दे रहा आरोपी

इतना ही नहीं बेटे रवि को अमेरिका भिजवाने के नाम पर 19 लाख रुपये दिए गए। वह नरेश को परिचितों को नौकरी लगवाने व बेटे का अमेरिका भेजने के नाम पर कुल साढ़े 34 लाख रुपये दे चुके हैं। महिला का कहना है कि जब काम नहीं हुआ तो उन्होंने रुपये देने का दबाव बनाया था। जिस पर 15 अक्तूबर को आरोपी उनके घर आया था। उसने रुपये देने की बात कही थी। हालांकि अगले दिन सुबह उसने रुपये देने से मना दिया था। साथ ही रुपये मांगने पर मरवाने की धमकी दी थी। पुलिस शिकायत के आधार पर कार्रवाई कर रही है।

## राष्ट्रीय गणित दिवस पर क्विज और अन्य रोचक कार्यक्रम का आयोजन




**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद की सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस और गाइड्स ने प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गणित दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्राचार्य प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने विद्यार्थियों को संबोधन में कहा कि गणित के प्रेमियों के और गणित में रुचि लेने वालों के लिए आज एक महत्वपूर्ण दिन है आज श्रीनिवास रामानुजम के जन्मदिवस की एक सौ सैंतीसवीं वर्षगांठ है तथा तेरहवां राष्ट्रीय गणित दिवस हम मना रहे हैं। गणितज्ञों का मानना है कि गणित का मानव जीवन के विकास में बहुत महत्व है। लोगों को गणित के प्रति जागरुक करना इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य है। विश्व विख्यात गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन ने गणित को सरल बनाने और लोगों के बीच इसकी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए अत्यधिक प्रयास किए। 13 वर्ष की आयु में उन्होंने लंदन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एस. एल. लोनी की विश्व प्रसिद्ध त्रिकोणमिति पर लिखित पुस्तक को पढ़कर अपनी स्वयं की मैथमेटिकल थ्योरी बनाई। उन्होंने बहुत ही कम आयु में बिना किसी की सहायता लिए प्रमेय की रचना की थी। इस विशेष योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें सम्मान से अलंकृत किया था। इसके पश्चात उन्होंने नए नए गणित के फॉमूर्ले भी लिखें। श्रीनिवास रामानुजन की बहुत ही कम आयु में 33 वर्ष में टीबी रोग से ग्रस्त होने के कारण 26 अप्रैल 1920 को उनका देहावसान हो गया। एक्टिविटीज कॉर्डिनेटर गणित प्राध्यापिका ममता ने प्राध्यापक संदीप, अमित चौहान और सुनील कुमार के सहयोग से गणित क्विज, प्रोजेक्ट, एस रामानुजम पर आधारित लघु फिल्म और पोस्टर मेकिंग कंपटीशन के माध्यम से गतिविधियां संचालित की। प्राचार्य मनचंदा ने गणित के सभी प्राध्यापकों और अध्यापकों का विभिन्न कार्यकलापों से राष्ट्रीय गणित दिवस पर विशेष आयोजन की सराहना की और बालिकाओं सृष्टि, निशा, कनिष्का, चांदनी, साधना, कोमल,

निधि, प्रीति, मुस्कान, भूमिका सहित सभी की बढ़ चढ़ कर प्रतिभागिता करने के लिए अभिनंदन किया। बालिकाओं ने गणित में भारतीय इतिहास तथा अन्य वर्किंग मॉडल्स बना कर गणित में रचनात्मकता का परिचय भी दिया। प्राचार्य मनचंदा ने सभी अध्यापकों से आग्रह किया कि विद्यार्थियों को गणित विषय को रोचक बनाते हुए तथा रुचि विकसित करते हुए सरल माध्यम से करवाएं।

## गणतंत्र दिवस पर इस बार हरियाणा के साथ दिखेगी पंजाब और चंडीगढ़ की झांकी

चंडीगढ़ । गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर कर्तव्य पथ पर दिखने वाली झांकी में पंजाब की झांकी को चुना गया है। इस बार पंजाब की झांकी का चयन किया गया है, जबकि पिछली बार इसे मंजूरी नहीं मिल पाई थी। पंजाब के अलावा हरियाणा और चंडीगढ़ की झांकी भी इस साल के गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर दिखाई देगी। बता दें कि पिछले साल पंजाब की झांकी को गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं दी गई थी, लेकिन इस बार इसे एक बार फिर से सम्मानित किया गया है। यह निर्णय पंजाब के लिए गर्व का पल है, क्योंकि झांकी देश की सांस्कृतिक धरोहर और विविधता का प्रतीक होती है। पंजाब के साथ-साथ हरियाणा और चंडीगढ़ की झांकी भी कर्तव्य पथ पर दिखाई जाएंगी। यह तीनों राज्यों की सांस्कृतिक धरोहर और समृद्धि को दर्शाती है। गणतंत्र दिवस पर ये झाकियां न केवल राज्यों की कला और संस्कृति को प्रदर्शित करेंगी, बल्कि देशवासियों को एकता और विविधता का संदेश भी देंगी।

## सास को खौफनाक मौत देने वाला आरोपी दामाद गिरफ्तार, पूर्व पत्नी के प्रेमी को सौंपा था शव

सोनीपत। अपराधी कितना भी शातिर क्यों ना हो। पुलिस की नजरों से नहीं बच सकता। सोनीपत जिले के सेक्टर-3 स्थित ऑटो मार्किट में बीती 13 दिसंबर को एक 55 साल की बुजुर्ग महिला की हत्या मामले में आखिरकार सोनीपत सेक्टर 27 थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली है। आरोपी नानूराम को करीब 10 दिन बाद पुलिस ने कड़ी मेहनत के बाद गिरफ्तार किया है, क्योंकि वह लगातार अपने ठिकाने एक राज्य से दूसरे राज्य में बदल रहा था। आरोपी नानूराम बिहार का रहने वाला है। हाल में वह सोनीपत के विकास नगर में रह रहा था। इसकी पत्नी ममता और उसका तलाक भी हो चुका है। वह ममता और इसके बीच में अनबन की मुख्य वजह अपनी सास चक्री देवी को मान रहा था और ममता अब अपने प्रेमी के साथ रह रही थी। जिसकी भनक नानूराम को लग गई और इसने तैश में आकर पहले तो 12 दिसंबर की रात को अपनी सास चक्री देवी को बुलाया और उसके साथ झगड़ा किया। वह यहां तक नहीं रुका, उसने रात को अपनी सास को बाइक पर बिठाया और ऑटो मार्किट में ले जाकर गर्दन पर तेजधार हथियार से वार कर मौत के घाट उतार दिया। फिर उसकी गर्दन को काटकर अपनी पत्नी के प्रेमी को सौंप कर फरार हो गया। अब पुलिस ने नानूराम को गिरफ्तार कर लिया है और इससे पूछताछ की जा रही है।

## गोहाना में आश्रम में सेवा के लिए आया व्यक्ति लापता, एक सप्ताह के बाद भी नहीं लगा सुराग



गोहाना। गोहाना के धनाना गांव स्थित आश्रम से 13 दिसंबर की रात के समय व्यक्ति अचानक गायब हो गया। वह आश्रम में अपने ससुर के साथ रह रहा था। बीड़ी ज्यादा पीने का आदी होने तथा मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के चलते परिवार ने उसे सेवा के लिए आश्रम में छोड़ रखा था। पुलिस ने उसके भाई के बयान पर बरोदा थाने में केस दर्ज कर लिया है। कैथल जिले के कलायत क्षेत्र के गांव रामगढ़ पांडवा के जरनैल सिंह पुत्र गजे सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह पांच भाई-बहन है। दिलबाग सिंह उसका बड़ा भाई है। वह दिमागी तौर पर कुछ बीमार है। साथ में उसे ज्यादा बीड़ी पीने की लत भी है। जरनैल का कहना है कि ऐसे में परिवार ने उसे धनाना गांव के एक आश्रम में सेवा के लिए छोड़ दिया था। इसी आश्रम में उसी के साथ उसका ससुर सतीश भी रहता है। 13 दिसंबर की रात के समय दिलबाग अचानक गायब हो गया। सुबह उसके न मिलने पर उसके लापता होने की जानकारी मिली। फिलहाल पुलिस लापता व्यक्ति की तलाश में जुटी हुई है।

## ओमप्रकाश चौटाला के दामन पर दाग की तरह था महम कांड, छोड़नी पड़ी थी सीएम की कुर्सी



**चंडीगढ़ ।** हरियाणा की राजनीति के दिग्गज चेहरों में शुमार इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला सुनहरी यादों के साथ हमें अलविदा कह गए हों, लेकिन उनके राजनीतिक सफर में महम कांड एक ऐसा अध्याय के रूप में जुड़ा, जिसने न सिर्फ उनके सफेद दामन पर दाग लगाया बल्कि उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी तक गंवानी पड़ी। पिता की राजनीतिक विरासत को संभालते हुए पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले चौटाला को ये अंदाजा भी नहीं था कि उन्हें छह महीने से भी कम समय में इस्तीफा देना पड़ेगा। आखिर क्या है वो महम कांड, जिसके कारण चौटाला को एक बार नहीं बल्कि तीन बार मुख्यमंत्री की कुर्सी गंवानी पड़ी थी।

साल 1989 में देश में आम चुनाव संपन्न हुए थे। जनता दल ने राजीव गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस की ताकत सरकार को उखाड़ फेंका था। उस दौरान ताऊ देवीलाल 1987 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में प्रचंड जनादेश के साथ बनी अपनी सरकार को आराम से चला रहे थे, लेकिन दिल्ली में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद उनका मन केंद्र की राजनीति की ओर डोलने लगा और उनके कद के हिसाब से उन्हें उप प्रधानमंत्री भी बनाया गया। दिल्ली पहुंचे देवीलाल ने चंडीगढ़ की कुर्सी पर अपने सबसे बड़े बेटे ओमप्रकाश चौटाला को बैठाया, जो उस दौरान राज्यसभा सांसद हुआ करते थे। 2 दिसंबर 1989 वो तारीख थी जब चौटाला परिवार की दूसरी पीढ़ी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाली थी, लेकिन ये राह आगे बहुत कठिन होने वाली थी, क्योंकि ओपी चौटाला को शपथ लेने के छह माह के अंदर विधानसभा का सदस्य चुना जाना जरूरी था। पिता देवीलाल ने अपने हिसाब से सुरक्षित मानी जा रही महम विधानसभा सीट को चुना। महम रोहतक में आता है, जहां देवीलाल ने 1989 के लोकसभा चुनाव में अच्छी जीत दर्ज की थी। हालांकि फिर जो यहां हुआ उसकी शायद ही उन्होंने कल्पना की होगी।

दरअसल महम की खाप पंचायतों ने ओमप्रकाश चौटाला की उम्मीदवारी का विरोध कर दिया। खापों ने कांग्रेस उम्मीदवार आनंद दांगी को अपना समर्थन दे दिया, जिसको लेकर माहौल गरमा गया। उधर चौटाला ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी। तनाव भरे माहौल में 27 फरवरी 1990 को वोटिंग हुई, जिसमें जमकर बूथ कैप्चरिंग और हिंसा हुई। लिहाजा चुनाव आयोग ने आठ बूथों पर दोबारा वोटिंग कराने के आदेश दिए, जब दोबारा वोटिंग हुई, तो फिर से हिंसा भड़क उठी। चुनाव आयोग ने फिर से चुनाव रद्द कर दिया। 27 मई को फिर से चुनाव की तारीखें तय की गईं, लेकिन वोटिंग से कुछ दिन पहले निर्दलीय उम्मीदवार अमीर सिंह की हत्या हो गई।

अमीर सिंह और आनंद दांगी दोनों एक ही गांव मदीना के थे। बताया जाता है कि चौटाला ने दांगी का वोट काटने के लिए अमीर सिंह को चुनाव में खड़ा करवाया था। इसलिए हत्या का आरोप दांगी पर लगा और पुलिस जब उन्हें गिरफ्तार करने मदीना पहुंची तो भारी बवाल हो गया। पुलिस ने दांगी समर्थकों पर गोली चला दी, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना की चर्चा उस वक्त पूरे देश में हुई थी और केंद्र की जनता दल सरकार को काफी असहज स्थिति का सामना करना पड़ा था। आखिरकार भारी दबाव के बीच ओपी चौटाला को सीएम की कुर्सी छोड़नी पड़ी। वो महज साढ़े पांच माह ही मुख्यमंत्री रह पाए। उनकी जगह बनारसी दास गुप्ता ने ली।

### महज पांच दिन के सीएम

महम की घटना के बाद ओपी चौटाला दड़बा हलके से जीतकर विधानसभा पहुंचे। इसके बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता को हटाकर खुद सीएम बने। 12 जुलाई 1990 को ओपी चौटाला ने दूसरी बार सीएम पद की शपथ ली, लेकिन उनके इस कदम से तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह सहमत नहीं थे। उन्होंने महम केस का हवाला देते हुए कहा कि जब तक इस मामले का निपटारा नहीं हो जाता, ओपी चौटाला को मुख्यमंत्री पद नहीं संभालना चाहिए। ऐसे में चौटाला को महज पांच दिन बाद ही सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा। उनकी जगह मास्टर हुकुम सिंह मुख्यमंत्री बने।

### 15 दिन बाद फिर चली गई कुर्सी

साल 1990 के आखिर में केंद्र में वीपी सिंह की सरकार गिर गई। कांग्रेस के सहयोग से चंद्रशेखर देश के नए प्रधानमंत्री बने और उन्होंने भी देवीलाल को उप प्रधानमंत्री बनाया। चंडीगढ़ में भी इस फेरबदल का असर दिखा। 22 मार्च 1991 को ओपी चौटाला ने मास्टर हुकुम सिंह को हटाकर तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, लेकिन अब की बार उनकी पार्टी में ही घमासान मच गया। कुछ नाराज विधायकों ने पार्टी छोड़ दी, जिससे सरकार खतरे में आ गई और आखिरकार गिर गई। राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। चौटाला इस बार भी महज 15 दिन ही सीएम की कुर्सी पर रह सके, तो इस तरह देखें तो महम कांड ने ओमप्रकाश चौटाला के सियासी जीवन में एक समय जबरदस्त उथल-पुथल मचा दी थी, जिससे बाहर आने में उन्हें तकरीबन 10 साल लग गए। जुलाई 1999 में हविपा-भाजपा गठबंधन की सरकार गिरने के बाद एकबार उनका सियासी भाग्य चमका और वो 1999 से लेकर साल 2005 तक हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे।

## शीतलहर के मद्देनजर सावधानी बरतें: विक्रम सिंह



समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। शीत लहर के चलते आम नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने सावधानी बरतने की अपील की है। डीसी विक्रम ने कहा कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर शीत घात से बचा जा सकता है। हरियाणा सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि शीतलहर से बचाव के लिए इन बातों की पालना जरूर करें।डीसी ने बताया कि मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो/टीवी/समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया प्रकाशन का ध्यान रखें ताकि यह पता चल सके कि आगामी दिनों में शीत लहर की संभावना है या नहीं। यथा संभव घर के अंदर रहें, ठंडी हवा से बचने के लिए केवल आवश्यक यात्रा ही करें। भारी कपड़ों की एक परत के बजाय हल्के, ढीले, विंडप्रूफ ऊनी कपड़ों की कई परत पहनें। बाहर निकलते समय अपने सिर, चेहरे, हाथों और पैरों को भी उपयुक्त गर्म कपड़े से ढकें। शरीर में ऊष्मा का प्रवाह बनाए रखने के लिए पौष्टिक आहार जैसे कि विटामिन ढ से भरपूर स्वस्थ आहार, फल एवं सब्जियों का सेवन करें। शरीर का तापमान बनाए रखने के लिए नियमित रूप से गर्म तरल पदार्थ पिएं। अपने शरीर को सूखा रखें। यदि गीले हो जाएं, तो शरीर की गर्मी को बचाने के लिए शीघ्रता से कपड़े बदलें। बुजुर्गों और बच्चों की ठीक से देखभाल करें और अनावश्यक घर से बाहर न जाने दें। शराब का सेवन न करें। यह आपके शरीर के तापमान को कम करता है। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें। यह एक महत्वपूर्ण पहला संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है और प्रभावित व्यक्ति को तुरंत घर के अंदर ले आना चाहिए। लंबे समय तक ठंड के संपर्क में आने से त्वचा का रंग पीला, सख्त और सुन्न हो सकता है और अंगूठे, पैर की अंगुलियां, नाक या कान की लोब जैसी शरीर की खुली जगहों पर काले घाव हो सकते हैं। यदि ऐसा हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। इसके अलावा कम तापमान में अपने पालतू जानवरों का ध्यान रखें और उन्हें घर के अंदर रखें। यदि कोई स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न हो, तो पशु चिकित्सक से संपर्क करें। प्रदेश सरकार द्वारा ठंड के समय शहरी क्षेत्रों में बेघरों के लिए रैन बसेरों का प्रबंध किया जाता है, जहाँ कंबल बिस्तर आदि उपलब्ध रहते हैं। जरुरत के समय इन सुविधाओं का उपयोग करके ठंड से बचा जा सकता है।

## विधायक धनेश अदलखा की मौजूदगी में पारदर्शिता से पूर्ण ड्रा ऑफ लॉट प्रक्रिया सम्पन्न




फरीदाबाद। नगर निगम फरीदाबाद के चुनाव के मद्देनजर रविवार को लघु सचिवालय सभागार में ड्रा ऑफ लॉट के माध्यम से बीसी-बी वर्ग के पुरुष व महिला के साथ ही सामान्य वर्ग की महिला के लिए वार्डों का आरक्षण किया गया। ऐसे में अब नगर निगम फरीदाबाद के सभी 46 वार्डों में से निर्धारित नियमानुसार वार्ड आरक्षित कर दिए गए हैं। एडीसी साहिल गुप्ता द्वारा विधायक बड़खल धनेश अदलखा व सम्बंधित अधिकारियों की मौजूदगी में पारदर्शिता के साथ छोटे बच्चे से पर्चियां निकलवाकर वार्डों को निर्धारित नियमानुसार आरक्षित किया गया। एडीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि ड्रा ऑफ लॉट प्रक्रिया में पिछड़ा वर्ग-बी के लिए पुरुष वर्ग हेतु वार्ड 42 को व वार्ड नम्बर 7 को पिछड़ा वर्ग बी की महिला के लिए आरक्षित किया गया। इसी प्रकार ड्रा प्रक्रिया से सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए वार्ड संख्या 4, 5, 8, 9, 11, 17, 25, 27, 31, 38, 39 व 43 को आरक्षित किया गया। एडीसी ने कहा कि सभी सम्बंधित अधिकारियों व निवर्तमान पार्षदों की उपस्थिति में पूर्ण ड्रा प्रक्रिया को पूरा किया गया है और वीडियोग्राफी करवाते हुए रिकॉर्ड में भी लिया गया है।

**यह रहेगा नगर निगम फरीदाबाद के 46 वार्डों का प्रारूप :**

वार्ड नंबर 01 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 02 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 03 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 04 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 05 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 06 पिछड़ा वर्ग 'क' की महिला से संबंधित सदस्य, वार्ड नंबर 07 पिछड़ा वर्ग 'बी' की महिला से संबंधित सदस्य, वार्ड नंबर 08 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 09 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 10 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 11 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 12 अनुसूचित जाति से संबंधित सदस्य, वार्ड नंबर 13 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 14 अनुसूचित जाति से संबंधित सदस्य,जवार्ड नंबर 15 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 16 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 17 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 18 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 19 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 20 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 21 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 22 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 23 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 24 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 25 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 26 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 27 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 28 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 29 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 30 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 31 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 32 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 33 अनुसूचित जाति से सम्बंधित (महिला) सदस्य, वार्ड नंबर 34 अनुसूचित जाति से सम्बंधित सदस्य, वार्ड नंबर 35 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 36 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 37 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 38 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 39 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 40 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 41 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 42 पिछड़ा वर्ग 'बी' , वार्ड नंबर 43 महिला वर्ग के लिए, वार्ड नंबर 44 सामान्य वर्ग, वार्ड नंबर 45 अनुसूचित जाति से सम्बंधित (महिला) सदस्य और वार्ड नंबर 46 पिछड़ा वर्ग 'क' से संबंधित सदस्य।

# प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में तीन बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए: सीमा तिरखा

समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह



**फरीदाबाद।** भारती चैरिटेबल ट्रस्ट एवं नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा आज दिव्यांग बच्चों की सहायतार्थ एक रक्तदान शिविर का आयोजन प्याली चौक स्थित जाट संस्था की धर्मशाला में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा ने शिरकत की। जबकि विशेष अतिथि के रूप में नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, टीम पंडित के सदस्य पं. मुनेश शर्मा, एनएसजी के कमान्डो रहे फिरे सिंह नागर, शिक्षाविद् आदेश यादव, डा. राजेश मदान, डा. मानव शर्मा, समाजसेवी अरुण मिश्रा, एडवोकेट संदीप सेठी, कुलदीप लाम्बा, डा. ब्रह्मप्रकाश गोयल, लाखन सिंह लोधी, एडवोकेट विकास वर्मा, राजेश खटाना, मनमीत कौर, संगीता रावत, समाजसेवी नरेन्द्र जैन, दशरथ चौरसिया, डा. विंध्या गुप्ता, इनेलो नेता जगजीत कौर पन्नू, बीजेपी नेता अनिता शर्मा, प्रदीप गुप्ता, सचिन कथूरिया, प्रो. एम.पी. सिंह, जिला रैडक्रास सोसायटी के सचिव बिजेन्द्र सौरोत, समाजसेवी विमल खण्डेलवाल का भारती चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र नांदल, नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा एवं समाजसेवी मनीष मिश्रा ने आए हुए सभी अतिथियों का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संजीव कुशवाहा द्वारा किया गया। इस मौके पर हरियाणा पुलिस के जवानों सहित 75 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर उपस्थित रक्तवीरों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में तीन बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। रक्तवीरों द्वारा दिया गया रक्त बुजुर्गों, सडक दुर्घटना में घायल हुए लोगों का तथा गर्भवती महिलाओं की जान बचा सकते है। वहीं फरीदाबाद की सामाजिक संस्थाऐं रक्तदान शिविर लगाने में पूरे हरियाणा में नम्बर वन है। इस मौके पर डा. धर्मेन्द्र नांदल व यशपाल शर्मा ने शिविर को सफल बनाने के लिए संत के गुरुद्वारे के ब्लड बैंक व जाट संस्था प्याली चौक के प्रधान व कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मामचंद भड़ाना, सरदार मनजीत सिंह, प्रो. बांके बिहारी, परविन्दर राजपाल, गीता शर्मा, दिनकर नागर, प्रवेश मलिक, हिमान्शु भट्ट, मामेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आर्य समाज ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई: विपुल गोयल

समाचार गेट/संजय शर्मा



**फरीदाबाद।** आर्य समाज का देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आर्य समाज के जाबांजों ने फिरंगी सरकार से लोहा लेते हुए देश के लिए अपनी कुर्बानियां दी है। जिसका देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। यह बात केबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस पर आर्य केंद्रीय सभा द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का सैक्टर-16 से शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज भी आर्य समाज के कार्यकर्ता देश की उन्नति और परोपकार के कार्यों में लगे हैं। स्वामी श्रद्धानंद ने देश और समाज को जीवन पर्यंत संगठित करने का कार्य किया। आज भी आर्य समाज उनके पदचिन्हों पर चलकर देशहित में लगा है। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर यज्ञ का आयोजन किया गया तत्पश्चात एक शोभायात्रा सैक्टर-16 से चलकर शहर के मुख्य बाजार से गुजरी। शोभा यात्रा में हसनपुर गुरुकुल की छात्राओं द्वारा तलवारबाजी तथा एंगलोवैदिक गुरुकुल पुरखाजी मुजफ्फर नगर के छात्रों द्वारा योगासनों का प्रदर्शन किया गया। बाजार के लोगों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत भी किया। आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान महेश आर्य ने जिले एवं जिले के बाहर से आए सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रेम कुमार मित्तल, संजय खट्टर, अमन सिंह शास्त्री, राजेंद्र बीसला, सुभाष ग्रोवर, डा. बिजेंद्र योगाचार्य, डा. गजराज सिंह आर्य, अनिल प्रताप सिंह, आनंद मेहता, डा. नरेंद्र आहूजा विवेक, जयपाल शास्त्री सहित विभिन्न आर्य समाजों के लोग उपस्थित थे।

## जाट समाज के सहयोग से सांझी खुशी कार्निवल का आयोजन



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** रीडिंग रैकून्स चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान और जाट समाज फरीदाबाद के सहयोग से मूक बधिर बच्चों के लिए सांझी खुशी कार्निवल का अयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए संस्था की प्रधान तनुश्री सिंह ने बताया कि मूक बधिर बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोडड़े के लिए बच्चों के लिए आयोजित किए गए इस मौज मस्ती से भरपूर मेले में कर्ममार्ग, नन्ही उड़ान , विजन अनलिमिटेड , जागृति सेवा ट्रस्ट, प्रभात - ऐन अवेकनिंग, द राइजिंग, बाल भवन तथा सवेरा नामक संस्थाओं के लगभग 550 बच्चों ने भाग लिया। उत्साह और उमंग से भरपूर बच्चों ने नुक्कड़ नाटक और नृत्य के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इसके पश्चात ठीक एक मेले की भांति, बच्चों ने अलग अलग खेल खेले और अपनी पसंद की चीजें खाईं। उन्होंने बताया कि ये सभी गेम स्टाल शहर के नागरिकों ने निजी तौर पर मिल जुल के लगाए। इसके अतिरिक्त ओ पी भल्ला फाउंडेशन ने भी स्टाल लगाए। बच्चों ने कपड़े, खिलौने इत्यादि भेंट के रूप में स्वीकार की। उनका पढड़े की तरफ रुझान बढ़ाने के लिए उनको पेंगुइन रैंडम हाउस द्वारा भेजी गई किताबें भेंट की गई। इस कार्निवल का उद्देश्य इन बच्चों को और बच्चों की तरह एक पूरा दिन अपने मन की खुशी का इजहार करना और मौज मस्ती करने का मौका देना और मिलजुलकर खुशियां मनाने का अवसर देना था।

## वनवासी रक्षा परिवार का परिवार मिलन समारोह संपन्न

### सरकार्यवाह भैयाजी जोशी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल हुए शामिल



**वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन का लक्ष्य**

दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में 9,00,000 परिवारों को संस्कार परिवार की दैनिक गतिविधियों से जोड़ना।
25000 परिवार को वनवासी रक्षा परिवार बनाना अर्थात सहयोगी परिवार बनाना।
महिलाओं को विशेष रूप से संस्कार परिवार योजना तथा प्रतिभा विकास केन्द्र के साथ जोड़ना।
युवाओं को प्रतिभा विकास केंद्र के साथ समाज जागरण की गतिविधियों से जोड़ना।
समाज प्रबोधन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करना।
वनयात्रा द्वारा नगरीय समाज को वनवासी समाज से भावात्मक तथा क्रियात्मक रूप से जोड़ना।
वनवासी तथा नगरीय क्षेत्र में शक्तिपुंज विकसित करना।

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** वनवासी रक्षा परिवार का परिवार मिलन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह भैयाजी जोशी व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रभु श्रीराम ने जिस वनवासी समाज को संगठित कर आसुरी शक्तियों का संहार किया, सामाजिक जीवन में मानव मूल्यों की स्थापना की, उनके जीवनादर्श से अनुप्राणित वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन अपने प्रतिभा विकास केन्द्रों के माध्यम से वंचित, उपेक्षित वर्ग के बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देकर उनमें स्वावलंबन, स्वाभिमान एवं राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने तथा उनकी अंतर्निहित प्रतिभाओं के विकास में रत है।

भारत मंडपम दिल्ली में आयोजित संस्कार परिवार स्नेह मिलन के केंद्रीय कार्यक्रम में विभिन्न प्रांतों के बच्चों द्वारा निर्मित ज्ञान-विज्ञान व कलात्मक रचनाओं की प्रदर्शनी एवं मनमोहक रंगमंचीय कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सह संयोजक श्री राम अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक मनुष्य मान सम्मान के साथ सुख, शान्ति का जीवन जीना चाहता है जो शिक्षा संस्कार के साथ स्वरोजगार से ही प्राप्त हो सकता है। तुलसीदास ने कहा है कि पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं। अभाव में जी रहे परिवारों को शिक्षा, संस्कार के साथ स्वाभिमान और स्वावलंबन की शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रतिभा विकास केन्द्र कर रहे हैं। वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन की गतिविधियों में शामिल दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, असम, राजस्थान प्रदेश।

**क्या है संस्कार रक्षा परिवार**

संस्कारित परिवार ही पृथ्वी का स्वर्ग है। इसे प्राप्त करने के लिए किए जाने वाले दैनिक कार्य के द्वारा परिवार को संस्कारित कर यह आनंद प्रत्येक मनुष्य प्राप्त कर सकता है। अपने परिवार में दैनिक अभ्यास हेतु कार्यक्रम के अनुसार गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र का तीन-तीन बार उच्चारण, पुरुषार्थ जागरण मंत्र, क्षमा स्तुति मंत्र, नवग्रह मंत्र के साथ भारत वंदन मंत्र। प्राणायाम तथा योग का अभ्यास। मंगल गीत या भजन का गायन। घर में तुलसी गिलोय के पौधे का रोपण। इसके अतिरिक्त उपायुक्त स्थान देखकर नीम, पीपल, बरगद आदि वृक्षों का रोपण तथा पोषण। स्वदेशी भाषा, वेशभूषा एवं वस्तु का उपयोग। चीनी सामानों का पूर्ण बहिष्कार जैसी गतिविधियां संचालित करना शामिल है।

## हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मतदाता सूची में नए नाम दर्ज करने के लिए आवेदन करें 10 जनवरी तक

समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह

**फरीदाबाद।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के वार्ड नंबर-40 के सदस्य के लिए चुनाव 19 जनवरी 2025 को होना है। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मतदाता सूची में नए नाम दर्ज करने के लिए आवेदन उपायुक्त या उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा 10 जनवरी 2025 तक प्राप्त किए जाएंगे kएचएसजीएमसी चुनाव रिटर्निंग अधिकारी गौरी मिड्ढा ने जानकारी देते हुए कहा है कि नामांकन आमंत्रित करने के लिए अधिसूचना का प्रकाशन बुधवार, 18 दिसंबर को किया जा चुका है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत 28 दिसंबर 2024 तक नामांकन भरे जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच लघु सचिवालय, सेक्टर-12, फरीदाबाद के कमरा नम्बर 108, प्रथम तल (उपायुक्त का न्यायालय कक्ष) 30 दिसंबर 2024 (सोमवार) को प्रातः 11:00 बजे की जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी के आदेश में पुनरीक्षण के लिए उपायुक्त को आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 (मंगलवार) है। पुनरीक्षण आवेदन पर दिनांक 01 जनवरी 2025 (बुधवार) को उपायुक्त द्वारा निर्णय लिया जायेगा। अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना लिखित रूप में होनी चाहिए। इसे उम्मीदवार द्वारा नाम वापसी के लिए निर्धारित अंतिम तिथि (02 जनवरी 2025) को दोपहर 03:00 बजे से पहले व्यक्तिगत रूप से रिटर्निंग अधिकारी को दिया जाएगा या इसे चुनाव एजेंट द्वारा दिया जाएगा, जिसे उम्मीदवार द्वारा लिखित रूप में इस संबंध में अधिकृत किया गया है। चुनाव चिह्न का आवंटन 02 जनवरी 2025 (गुरुवार) को दोपहर 03:00 बजे के बाद किया जाएगा।

# राष्ट्रीय गणित दिवस - गणित दिवस पर क्विज और अन्य रोचक कार्यक्रम आयोजित

समाचार गेट/ब्यूरो




फरीदाबाद। शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद की सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस और गाइड्स ने प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गणित दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्राचार्य प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने विद्यार्थियों को संबोधन में कहा कि गणित के प्रेमियों के और गणित में रुचि लेने वालों के लिए आज एक महत्वपूर्ण दिन है आज श्रीनिवास रामानुजम के जन्मदिवस की एक सौ सैंतीसवीं वर्षगांठ है तथा तेरहवां राष्ट्रीय गणित दिवस हम मना रहे हैं। गणितज्ञों का मानना है कि गणित का मानव जीवन के विकास में बहुत महत्व है। लोगों को गणित के प्रति जागरुक करना इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य है। विश्व विख्यात गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन ने गणित को सरल बनाने और लोगों के बीच इसकी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए अत्यधिक प्रयास किए। 13 वर्ष की आयु में उन्होंने लंदन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एस. एल. लोनी की विश्व प्रसिद्ध त्रिकोणमिति पर लिखित पुस्तक को पढ़कर अपनी स्वयं की मैथमेटिकल थ्योरी बनाई। उन्होंने बहुत ही कम आयु में बिना किसी की सहायता लिए प्रमेय की रचना की थी। इस विशेष योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें सम्मान से अलंकृत किया था। इसके पश्चात उन्होंने नए नए गणित के फॉर्मूले भी लिखें। श्रीनिवास रामानुजन की बहुत ही कम आयु में 33 वर्ष में टीबी रोग से ग्रस्त होने के कारण 26 अप्रैल 1920 को उनका देहावसान हो गया। एक्टिविटीज कॉर्डिनेटर गणित प्राध्यापिका ममता ने प्राध्यापक संदीप, अमित चौहान और सुनील कुमार के सहयोग से गणित क्विज, प्रोजेक्ट, एस रामानुजम पर आधारित लघु फिल्म और पोस्टर मेकिंग कंपटीशन के माध्यम से गतिविधियां संचालित की। प्राचार्य मनचंदा ने गणित के सभी प्राध्यापकों और अध्यापकों का विभिन्न कार्यकलापों से राष्ट्रीय गणित दिवस पर विशेष आयोजन की सराहना की और बालिकाओं सृष्टि, निशा, कनिष्का, चांदनी, साधना, कोमल, निधि, प्रीति, मुस्कान, भूमिका सहित सभी की बढ़ चढ़ कर प्रतिभागिता करने के लिए अभिनंदन किया। बालिकाओं ने गणित में भारतीय इतिहास तथा अन्य वर्किंग मॉडल्स बना कर गणित में रचनात्मकता का परिचय भी दिया। प्राचार्य मनचंदा ने सभी अध्यापकों से आग्रह किया कि विद्यार्थियों को गणित विषय को रोचक बनाते हुए तथा रुचि विकसित करते हुए सरल माध्यम से करवाएं।

## संपादकीय

## संसदीय प्रणाली को विफल कराने की साजिश



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

संसद का शीतकालीन सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष द्वारा एक दूसरे को अपनी अपनी ताकत दिखाने के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। अडाणी मुद्दे को लेकर हंगामे के साथ शुरू हुआ संसद का सत्र अम्बेडकर मुद्दे पर हंगामे के साथ खत्म हुआ। सत्र के दौरान संविधान पर चर्चा जरूर हुई लेकिन संसदीय व्यवधान का नया रिकॉर्ड भी बना दिया गया। 20 दिनों के इस सत्र के रिपोर्ट कार्ड की बात करें तो आपको बता दें कि लोकसभा में कामकाज की उत्पादकता 57.87 प्रतिशत रही। लोकसभा इन 20 दिनों में चार विधेयक ही पारित कर पाई। राज्यसभा में तो 40.03 प्रतिशत ही कामकाज हो सका और पूरे सत्र में कुल दो विधेयक पारित हुए। बात सिर्फ विपक्ष के हंगामे की वजह से होने वाले व्यवधान की नहीं है, सरकार भी तब शर्मसार हो गयी जब एक देश एक चुनाव जैसा महत्वपूर्ण विधेयक पेश किये जाते समय मत विभाजन के दौरान सत्ता पक्ष के ही दो दर्जन सांसद अनुपस्थित थे। क्या ऐसे ही चलेगा हमारा संसदीय लोकतंत्र? क्या इसीलिए छह महीने पहले देश की 140 करोड़ जनता ने 543 प्रतिनिधियों को निर्वाचित करके भेजा था? हम 2047 तक भारत को विकसित बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन संसद का महत्वपूर्ण समय और देश का कीमती धन बर्बाद कर रहे हैं? संसद के सत्र के दौरान भले सत्ता पक्ष और विपक्ष के अपने अपने राजनीतिक हित सध गये हों लेकिन देश की जनता का और संसद की छवि को तो नुकसान हो गया है। आखिर कैसे होगी इसकी भरपाई? देखा जाये तो वर्तमान संसद का पहला सत्र भी हंगामेदार रहा था। इससे पिछली लोकसभा के भी लगभग सभी सत्र हंगामेदार रहे थे। पिछले कुछ सत्रों की कार्य उत्पादकता पर गौर करें तो जो आंकड़े सामने आते हैं वह चिंताजनक स्थिति को दर्शाते हैं। सत्र की कार्य उत्पादकता का 45%, 35 प्रतिशत और 24 प्रतिशत के आसपास रहने से हमारी संसदीय प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होते हो रहे हैं। सदन में जो कामकाज होता है वो भी हंगामे के बीच होता है यानि शोरशराबे के बीच क्या नए कानून बन गए यह देश को पता ही नहीं चल पाता। होते जाने से एक सवाल और खड़ा होता है कि कौन हैं वो लोग जो हमारी संसद को विफल दर्शाना चाहते हैं? कहीं हमारी संसदीय प्रणाली को विफल कराने के लिए कोई साजिश तो नहीं की जा रही है? विपक्ष लोकतंत्र बचाओ और संविधान बचाओ का आह्वान तो कर रहा है लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली वाले देश भारत में जनता के जनादेश पर निर्णय लेने वाला जो सर्वोच्च सदन है उसको चलने नहीं देता। देखा जाये तो अब बात सिर्फ संसद के कीमती समय, देश की उम्मीदों और सरकारी खजाने से धन की बर्बादी की ही नहीं है, बात अब यह भी है कि यदि संसद में भी जनता की आवाज नहीं सुनी जायेगी तो कहां सुनी जायेगी? वक्त आ गया है कि संसद में सदन के संचालन संबंधी नियमों को कठोर बनाया जाये? वक्त आ गया है कि सदन की कार्यवाही में बाधा डालने वाले सदस्यों के खिलाफ सख्त कदम उठाये जायें? बहरहाल, पिछले वर्ष संसदीय व्यवधान पर ह्यपीड़ाह्न व्यक्त करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ह्यलोकतंत्र के मंदिरह्न में ऐसे आचरण के विरुद्ध माहौल और जनमत तैयार करने के लिए जनांदोलन चलाने का जो आह्वान किया था वह आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। संसद के कामकाज में लगातार व्यवधानों के चलते कीमती समय तो बर्बाद होता ही है साथ ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर जवाब देने से सरकार को भी बचने का अवसर मिल जाता है। इसलिए उपराष्ट्रपति की ओर से किये गये आह्वान से देश की जनता को जुड़ना चाहिए और जनप्रतिनिधियों को यह अहसास कराना चाहिए कि सदन चर्चा के लिए बने हैं ना कि हंगामे और अपने राजनीतिक हित साधने के लिए।

## नूंह जिला मुख्यालय स्थित झिर कमल भाजपा कार्यालय पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी की बैठक हुई



(अनिल मोहनियां नूंह)
नूंह जिला मुख्यालय स्थित झिर कमल भाजपा कार्यालय पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता श्रीपाल शर्मा जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाने को लेकर चर्चा की गई। जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक श्रीपाल शर्मा ने बताया कि 25 दिसंबर से अटल जन्म शताब्दी श्रद्धेय अटल सुशासन दिवस मनाया जाएगा। जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम को विस्तृत तरीके से मनाना है। इसमें किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं की जानी है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस 25 दिसंबर को सुसाशन दिवस के रूप में मनाया जाएगा जिसमें जिला स्तर कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री राव नरवीर सिंह करेंगे। वहीं जिला मेवात में सभी बूथ स्तर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई की याद में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिले में उनकी याद में प्रदर्शनी लगेगी इसमें पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई के किए हुए कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई के जीवन परिचय को विभिन्न संगोष्ठियों और सभा के माध्यम से जानकारी दी जाएगी लोगों को उनके जीवन पर चलने के लिए प्रेरित किया जाएगा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई का जीवन सादगी से परिपूर्ण व देश और समाज की सेवा में समर्पित था पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई के जन्म दिवस को सुशासन दिवस रूप में पूरे जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। उसी दिन मंत्री राज नरवीर सिंह ग्रीवेंस कमेटी की अध्यक्षता करते हुए शिकायतों का निवारण करेंगे सुशासन दिवस को पूरे जिले मेवात में धूमधाम से मनाया जाएगा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बंधु अपने-अपने स्तर पर शामिल हो करके इन कार्यक्रमों की भव्यता बनाएंगे।

# स्वच्छता बढ़ाने के लिए हरियाणा में सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में चलाया जाएगा विशेष अभियान- उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

(1) अनिल मोहनियां नूंह
उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकायों के जरिये सार्वजनिक स्थानों और सरकारी विभागों द्वारा अपने- अपने कार्यालयों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ह्यस्वच्छ हरियाणा मिशनह्न के अंतर्गत 31 जनवरी, 2025 तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों के साथ आम जनता को स्वच्छता का भागीदार बनाया जाएगा। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा। इस पहल के तहत, पंचायती राज संस्थानों और शहरी स्थानीय निकाय निरंतर सफाई,





अपशिष्ट प्रबंधन और स्थिरता पहल सुनिश्चित करने के लिए गतिविधि कैलेंडर भी बनाएंगे। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों और अधिकारियों के साथ जनता के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उनके संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालयों, सार्व जनिक उपक्रमों आदि समेत तमाम सरकारी कार्यालयों में सफाई को बढ़ाना भी शामिल है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने आगे बताया कि अभियान का फोकस प्रशासनिक विभागों और निदेशालयों के साथ-साथ सेवा वितरण के लिए उत्तरदायी क्षेत्रीय व जिला कार्यालयों और सार्वजनिक संपर्क वाले कार्यालयों पर विशेष फोक्स रहेगा।

**-यह रहेगा तैयारियों के लिए खाका-**

विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि इसकी तैयारी का चरण 31 दिसंबर तक चलेगा और इसमें विभागों में जमीनी स्तर पर काम होगा। इस चरण के दौरान, अभियान से जुड़ी तमाम गतिविधियों की अगुवाई करने के लिए जिला कार्यालय और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। ये अधिकारी कर्मचारियों को जुटाएंगे, सफाई अभियान के लिए स्थलों की पहचान करेंगे और ई-नीलामी सहित निपटान के लिए अनावश्यक सामग्रियों का आंकलन करेंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की कार्यालय प्रक्रिया नियमावली में दिए दिशानिर्देशों के अनुसार दस्तावेज रिटेंशन को सुव्यवस्थित करने और अप्रचलित रिकॉर्ड को हटाने पर ध्यान देने के साथ ही रिकॉर्ड प्रबंधन पर भी बल दिया जाएगा।

**-ऐसे होगा स्वच्छता का फोक्स-**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि 01 जनवरी से 31 जनवरी, 2025 तक मुख्य चरण के दौरान, विभागों द्वारा तैयारी चरण के दौरान बनाई गई योजनाओं और परियोजनाओं को लागू किया जाएगा। नोडल अधिकारी हाई-रिजॉल्यूशन फोटो और वीडियो के साथ प्रगति का दस्तावेजीकरण करने, उपलब्धियों की रिपोर्ट करने और अभियान के प्रभाव पर जनता से प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। एनआईसी द्वारा विकसित एक केंद्रीय निगरानी पोर्टल के माध्यम से अभियान की प्रगति को ट्रैक किया जाएगा। वहीं नोडल अधिकारी अपने-अपने विभागों की उपलब्धियों और सर्वोत्तम प्रथाओं को उजागर करते हुए

इस पोर्टल को प्रतिदिन अपडेट करेंगे। अभियान की सफलता का मूल्यांकन करने के लिए जनता से प्राप्त प्रतिक्रिया का दस्तावेजीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक सचिव नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करेंगे और समर्पित अधिकारी स्वच्छता प्रयासों का आकलन करने के लिए अभियान स्थलों का दौरा भी करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में समग्र कार्य परिवेश को बढ़ाना है। ताकि आमजन के संतुष्टि स्तर में सुधार हो। यह पहल स्थान अनुकूलन, रिकॉर्ड प्रबंधन और स्वच्छता सुनिश्चित करके दक्ष और बेहतर सेवा वितरण की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी।

# बब्वा में बनेगा टोंडक गोत्र खाप चबूतरा

## -रविवार को पंचायत भवन में आयोजित बैठक में लिया फैसला

कनीना सुनील दीक्षित
रविवार को बब्वा गांव में टोंडक गोत्र का खाप चबूतरा बनवाने को लेकर सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दराज से आए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। गांव के पंचायत भवन में उदयवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस सभा में ग्रामीणों ने कहा कि दादा पूर्णमल आश्रम में जा चबूतरा बना हुआ है उसका विस्तार कर खाप चबूतरा तैयार किया जाएगा। ग्रामीणों ने इस पर अपनी सहमति दी।

उदयवीर सिंह ने कहा कि उनकी जानकारी में टोंडक गोत्र के 56 गांव है, उनकी ओर से सामाजिक बुराईयों पर अंकुश लगाने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मृत्यू पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। आम जन अपने माता-



पिता को जिंदा रहते समय उन्हें दो समय की रोटी समय पर उपलब्ध नहीं कराते जबकि उनकी मृत्यू पर दावत करते हैं जो चिंतजनक विषय है। दूसरा शादी के लगन समारोह में आजकल सैंकडों आदमी जाते हैं,जिससे गलत परंपरा पड रही है। लगन जैसे समारोह में अधिकतम 21 व्यक्ति जाएं। तीसरा सामाजिक उत्सव में शराब का प्रचलन बढता जा रहा है। जो सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय है। शराबी व्यक्ति विवाह-शादी में खाने की बर्बादी करते हैं वहीं सामाजिक माहौल को भी खराब करते हैं। शराब पर प्रतिबंध लगाने की दिशा में सामुहिक रूप से प्रयास किए जाने जरूरी हैं। इस मौके पर गोपीचंद, रोशन लाल, अजय कुमार, रोहताश, रामसिंह, राजेश कुमार, उदमीराम, प्रदीप कुमार, सतपाल, मनजीत, विनोद, राजेंद्र सिंह, रणसिंह, अजीत सिंह, कंवर सिंह, सुनिता देवी सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

# विधायक भाई राजबीर सिंह फरटिया बहल में विवाह समारोह में हुए सम्मिलित



सिवानी। सोनिका सूरा
लोहारू से विधायक भाई राजबीर फरटिया आज अपने हल्के के बहल में बिन माँ की बेटी निहाल सिंह की सुपुत्री के विवाह समारोह मे सम्मिलित हुए एवं बिटिया को ईक्यावन हजार रूपए कन्या-शगुन भेंटकर सुखमय वैवाहिक जीवन का आशिर्वाद प्रदान किया एवं परिवारजनों को शुभकामनाएं प्रेषित की। समस्त परिवार ने विधायक जी का हार्दिक स्वागत किया एवं शादी में सम्मिलित होकर बिटिया को अपना आशिर्वाद प्रदान करने लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# मोबाइल का अत्याधिक प्रयोग मनुष्य के जीवन को कहीं प्रभावित तो नहीं कर रहा..?

आज आधुनिकता और मोबाइल/स्मार्टफोन के युग में मनुष्य का जीवन चक्र बहुत अधिक गतिमान हो गया है। एक और स्मार्टफोन के अत्यधिक लाभ हैं। आज घंटों का कार्य मिनटों में ओर मिनटों कर कार्य सेकंडों में हो रहा है। सरलता के साथ साथ स्पष्टता और कुशलता में वृद्धि हुई है लेकिन दूसरी और इसके मनुष्य के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़े हैं। आज छोटे छोटे बच्चे इसका शिकार होकर आँखों की दृष्टि खो चुके हैं। कहा गया है आवश्यकता अविष्कार की जननी है तो दूसरी और अधिकता विनाश का कारण बनती है। भौतिकतावाद के इस युग में सड़कों पर, गाड़ियों में, मेट्रो में, बसों में हर स्थान पर लोगों की भीड़ बढ़ती ही जा रही है। इस भीड़ में लोगों के हाथ में मोबाइल उनके जीवन का बहुत अधिक महत्वपूर्ण भाग बन चुका है। सड़कों पर लोग कान पर मोबाइल और अब तो ईयर फोन/हेडफोन और ब्लूटूथ आ चुके हैं जो लगाकर सड़क पर लोग प्रायः प्रयोग करते हुए मिलेंगे। माना आज मनुष्य के लिए मोबाइल फोन का प्रयोग बहुत ही आवश्यक है लेकिन यह मनुष्य के जीवन से अधिक महत्वपूर्ण नहीं है। आज सड़कों पर दुर्घटना का मुख्य कारण मोबाइल फोन का प्रयोग बनता जा रहा है जो राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो द्वारा भी दर्शाया गया है। इतना ही नहीं कानों में लीड लगा कर दुपहिया वाहन चलाना और भी खतरनाक है। प्रायः युवा इसका प्रयोग अधिक करते हैं। बड़े वाहनों के चालक भी इसका प्रयोग करते हैं। होता ऐसा है कि कानों में ईयर फोन लगे



हैं और आसपास क्या हो रहा है चालक को पता ही नहीं लगता। अनेक बार किसी से वातार्लाप हो रहा होता है और व्यक्ति दूसरे विचार में रहकर सड़क दुर्घटना का कारण बन जाता है। यह मोबाइल दूसरी ओर लोकसेवा में लगे व्यक्तियों के जीवन को भी प्रभावित करता है। यह सत्य है कि बहु-तकनीकी के इस युग में मोबाइल, कंप्यूटर, इंटरनेट और संचार माध्यम के बिना जीवन रसहीन सा होकर रह जाएगा। बिना मोबाइल, स्मार्टफोन और संसाधन के बिना के जीवन की कल्पना करना आज के परिप्रेक्ष्य में कैसा लगेगा। पहले भी तो लोग इनके बिना जीते थे और बहुत ही बढ़िया जीवन जीते थे लेकिन आज समय की मांग है। ऐसे में हरियाणा में पुलिस के कर्मचारियों को डयूटी के समय मोबाइल आदि के प्रयोग को प्रतिबंधित किया गया है। ऐसा सुनना बहुत ही अटपटा सा लगता है लेकिन वास्तविकता में यह बहुत ही आवश्यक कार्य हुआ है और हरियाणा प्रथम राज्य बना है जहां पर पुलिस को कर्तव्य पालन के समय अपना मोबाइल थाना प्रभारी के पास जमा करना होगा। सत्य तो यह है पुलिस का काम जनता की सेवा सुरक्षा और सहयोग करना है। यदि डयूटी के समय पुलिस कर्मी के पास मोबाइल होगा तो यह उसके कर्तव्य पालन में निश्चित रूप से बाधा उत्पन्न होगी क्योंकि यह एक ऐसा साधन है जिसमें यदि एक बार मन लग गया तो घंटों का पता ही नहीं लगता। इसमें व्यक्ति उलझ सा जाता है और कई-2 घंटे व्यतीत हो जाते हैं। पुलिस का कार्य तो बहुत ही महत्वपूर्ण है और कहावत है- सावधानी हटी दुर्घटना घटी। बहुत बार थोड़ी सी असावधानी ही समस्या का कारण बन सकती है। इसीलिए हरियाणा पुलिस पुलिस महानिदेशक द्वारा यह बहुत ही उचित निर्णय लिया गया है जिसे अन्य राज्यों में भी लागू करने की आवश्यकता है।

दूसरी ओर केवल पुलिस ही क्यों अन्य सभी विभागों में भी यह नियम बनाने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य और चिकित्सा के साथ साथ परिवहन और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभागों में भी इस पर नियम बनाने की आवश्यकता है।

लेखक के निजी विचार हैं।

**लेखक: डॉ अशोक कुमार वर्मा**
**90531-15315**

# खेती को जोखिम मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा लागू

## - प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार-प्रसार के लिये किसानों को किया जा रहा है जागरूक

अनिल मोहनियां नूंह
उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार द्वारा खेती को जोखिम मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का बीमा करवाने के लिये पोर्टल खोल दिया गया है। हरियाणा सरकार द्वारा भिवानी जिले के लिये रिलायंस जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी को फसलों के बीमे के लिये अधिसूचित किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान अपनी रबी की फसलों का बीमा 31 दिसम्बर, 2024 तक अवश्य करवायें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी की पांच फसलों सरसों, गेहूं, जौ, चना व सूरजमुखी का बीमा करवाया जा सकता है। सरकार द्वारा प्रत्येक फसल के लिये किसान की हिस्सेदारी निर्धारित की गई है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. विरेन्द्र देव आर्य ने बताया कि फसलों की एक एकड़ या प्रति किला की सरसों की प्रमीयिम राशि 311.86 रूपए, गेहूं की 464.64 रूपए, जौ की 296.11 रूपए, चना की 228.38 रूपए व सूरजमुखी की प्रमीयिम राशि 315.01 रूपए है। जिसकी बीमित राशि क्रमशः 20790, 30975, 19740, 15225 व 21000 हैं। सभी ऋणी किसान अपने संबन्धित बैंक में जाकर अपनी फसलों का सही-सही ब्यौरा दर्ज करवायें व अऋणी किसान सीएससी/बैंक के माध्यम से संबन्धित दस्तावेज लेकर अपनी फसलों का बीमा करवा सकते है। इस योजना के अन्तर्गत स्थानीय आपदा, फसल बुआई से कटाई तथा कटाई के बाद के नुकसान की भरपाई की जाती है। उप निदेशक विरेन्द्र देव आर्य ने बताया कि जो किसान अपनी फसलों का बीमा नहीं करवाना चाहते हैं

# विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्यायों को सुन कराया जा रहा है उनका समाधान । मामन खान

## क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में शामिल रहा हूं और आगे भी रहूंगा

(अनिल मोहनियां नूंह)
नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका विधानसभा से कांग्रेस की टिकट पर रिकॉर्ड तोड़ वोटों से जीत हासिल करने वाले विधायक मामन खान इंजीनियर ने चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र के लोगों में लगातार उनकी समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए जन जागरण अभियान चलाया हुआ है। विधायक मामन खान इंजीनियर सप्ताह में शुक्रवार, शनिवार और रविवार के दिन अपनी विधानसभा क्षेत्र के गांवों में लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन उनका समाधान कराते हैं। लोगों की बिजली, पीने का पानी,नहरी पानी और मूलभूत जैसी समस्याओं का समाधान कराना उनकी पहली प्राथमिकता रहती है।

रविवार को भी उन्होंने फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र के दर्जन भर गांवों में पहुंच लोगों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान कराया। इस दौरान विधायक मामन खान इंजीनियर ने क्षेत्र के लोगों से कहा कि भले ही कांग्रेस सरकार नहीं बनी हो, लेकिन आप लोगों ने जिस उम्मीद और भरोसे के साथ उन्हें हरियाणा में रिकॉर्ड तोड़ वोटो से चुनाव जीता कर विधानसभा में भेजा है। उसके लिए वह क्षेत्र की जनता का हमेशा आभारी रहेंगे। विधायक मामन खान ने कहा कि क्षेत्र के लोगों के लिए वह एक सप्ताह में तीन दिन उनके बीच में रहकर उनकी समस्या सुनकर उनका समाधान कराने का काम करते हैं,बाकी तीन दिन वह क्षेत्र के लोगों की आई हुई शिकायतों पर उनका समाधान कराने के लिए



अधिकारियों और चाहे चंडीगढ़ जाने की बात हो वह लगातार क्षेत्र के लोगों के लिए दिन-रात काम करते हैं और उनका मकसद होता है कि क्षेत्र के लोगों को घर बैठे सुविधाएं मिले और उनकी समस्याओं का समाधान हो। विधायक मामन खान इंजीनियर ने कहा कि चाहे माइनर में नहरी पानी छुड़वाने की बात हो या गांवों में बिजली, पीने का पानी या दूसरी समस्याएं हो,वह लगातार क्षेत्र के लोगों को हर मूलभूत सुविधाएं दिलाने के लिए तत्पर रहते हैं और वह हमेशा क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में शामिल रहे हैं और आगे भी शामिल होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने उनको राजनीति के 25 सालों में उन्हें जो प्यार और सम्मान दिया है। वह इसका हमेशा कर्जदार रहेंगे, वह कभी भी क्षेत्र के लोगों का कर्ज नहीं उतार सकते। लेकिन उनसे जितनी भी क्षेत्र के लोगों की सेवा करने की बात होती है, वह हमेशा क्षेत्र के लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनके घर के दरवाजे हमेशा मेवात की जनता के लिए खुले हुए हैं और हमेशा एक बेटा और भाई बनकर क्षेत्र के लोगों की सेवा करते हैं।

इस दौरान विधायक मामन खान ने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को जान उनका समाधान कराने के लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर उनका समाधान करने की बात की। इस मौके पर क्षेत्र के लोगों ने कहा कि विधायक मामन खान ने हमेशा चाहे वो विधायक हो या ना हो उन्होंने जनता की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराने का काम किया है। जिससे आज भी वह जनता के दिलों में बसते हैं। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने विधायक मामन खान का आभार जताते हुए कहा कि जिस तरह वो जनता के सुख-दुख में शामिल रहे हैं क्षेत्र की जनता भी उनके लिए हमेशा उनके साथ है।

## असम में बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई में 416 लोग गिरफ्तार

### –सीएम सरमा बोले–सामाजिक बुराई को खत्म करने लड़ाई जारी रहेगी



त्रिपुरा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि राज्य में बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई में 416 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 335 मामले दर्ज किए गए हैं। गिरफ्तार लोगों को अदालत में पेश किया। सीएम सरमा ने एक्स पर लिखा–असम बाल विवाह के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखा है। तीसरे चरण के अभियान में 416 गिरफ्तारियां की गई और 335 मामले दर्ज किए गए है। हम इस सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए साहसिक कदम उठाते रहेंगे। असम सरकार ने 2023 में फरवरी और अक्टूबर में दो चरणों में बाल विवाह के खिलाफ अभियान शुरू किया था। फरवरी में पहले चरण में 3,483 लोगों को गिरफ्तार किया था और 4,515 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि अक्टूबर में दूसरे चरण में 915 लोगों को गिरफ्तार किया और 710 मामले दर्ज किए गए।

## राहुल गांधी का जाति जनगणना पर दिया बयान गृहयुद्ध शुरू करने की कोशिश जैसा

### –बरेली जिला न्यायालय में की गई याचिका दायर, नेता प्रतिपक्ष को नोटिस जारी



**बरेली (एजेंसी)।** यूपी के बरेली जिला न्यायालय ने जाति जनगणना पर दिए बयान पर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता पंकज पाठक ने यह याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया है कि हमें लगा कि जाति जनगणना पर चुनाव के दौरान राहुल गांधी द्वारा दिया गया बयान देश में गृहयुद्ध शुरू करने की कोशिश जैसा है। हमने पहले एमपी-एमएलए कोर्ट में उनके खिलाफ मामला दायर किया था, जिसे खारिज कर दिया गया। उसके बाद हम जिला जज कोर्ट गए, वहां हमारी अपील स्वीकार कर ली गई और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में 7 जनवरी की तारीख दी है।

इस बीच राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की थी और दावा किया कि संविधान पर हमला हुआ है और बीजेपी, पीएम मोदी और अमित शाह ने बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान करके बहुत बड़ी गलती की है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर टिप्पणियों के बारे में पोस्ट करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी, नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने संविधान पर हमला करके और बाबा साहेब का अपमान करके अपने जीवन की सबसे बड़ी गलती की है। भारत उनकी इस गलती को माफ नहीं करेगा। गृह मंत्री को माफी मांगनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए।

उन्होंने डॉ आंबेडकर पर अमित शाह की टिप्पणी के बाद कांग्रेस द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शनों, मार्च और भाषणों का एक मोंटाज पोस्ट किया। राहुल गांधी ने अपने संसद के भाषण का भी जिक्र किया और इसे मनुस्मृति और संविधान के बीच की लड़ाई बताया है। उन्होंने कहा कि एक पक्ष संविधान का बचाव करता है। उन्होंने संसद में अपने भाषण में कहा कि संविधान में लिखा है कि नस्ल, जाति, धर्म और जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव पर रोक है...आज भारत में एक लड़ाई चल रही है। यह पक्ष संविधान के विचार का रक्षक है।

## पीएम मोदी आज 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र करेंगे प्रदान



नई दिल्ली। पीएम नरेन्द्र मोदी सोमवार को 'रोजगार मेला के तहत करीब 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। पीएमओ ने रविवार को इसकी जानकारी दी। पीएम मोदी इस अवसर पर युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित भी करेंगे। पीएमओ ने कहा कि रोजगार सृजन को मुख?य प्राथमिकता देने की पीएम की प्रतिबद्धता पूरी करने की दिशा में यह रोजगार मेला महत?वपूर्ण कदम है। पीएमओ ने कहा कि यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म सशक्तीकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। यह रोजगार मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त किया जाएगा। इनमें गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं वित्तीय सेवा शामिल हैं। रोजगार मेले की शुरुआत 22 अक्टूबर 2022 को हुई थी। हाल में संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार ने बताया था कि रोजगार मेले के जरिए अब तक कई लाख युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है।

## राजस्थान में हायप्रोफाइल गिरोह का पर्दाफाश

### – गैंग में 5वीं पास से लेकर वकील, टीचर, आईटीआई प्रशिक्षित और अकाउंटेंट जैसे लोग शामिल

जयपुर। राजस्थान के एसओजी ने हाल ही में गिरफ्तार की एक अत्यंत हायप्रोफाइल गिरोह की पूरी जानकारी दी है। इस गिरोह में 16 लुटेरे शामिल थे, जिनमें से कुछ ने अकाउंटेंट और वकील के रूप में अपनी उपयोगिता छुपाई थी। यह गिरोह राजस्थान में बैठकर सामाजिक न्याय को लूट रही थी, और अन्य राज्यों में भी अपनी गतिविधियां चला रही थी। इस गिरोह के शुरूआती सदस्य सिर्फ 5वीं कक्षा पास थे, लेकिन समय के साथ–साथ वे गिरोह के सहायक और मुख्य और विविध कार्यों को संभालने के लिए वकील तक उच्च शिक्षा प्राप्त कर लिए थे। एक साथ उनकी उत्तम प्रवृत्ति ने इन्हें समाज में गड़बड़ फैलाने का साधन बना दिया। राजस्थान की पुलिस ने इस पहचानने वाले गिरोह की सभी चालाकी का पर्दाफाश किया है और उन्हें अवस्थानिक न्याय दिलाने के लिए कड़ी कार्रवाई करने का वादा किया है। इस घटना ने समाज में चिंता का विषय बना दिया है और लोग अब सावधान रहने के लिए कहा जा रहे हैं।

## 31 दिसंबर को पूरी रात खुला रहेगा साईं समाधि मंदिर



**शिरडी (एजेंसी)।** क्रिसमस का जश्न मनाने, मौजूदा साल की विदाई और नए साल के स्वागत के लिए साईबाबा संस्थान की ओर से शिरडी महोत्सव का आयोजन किया जाता है। साई बाबा के दर्शन के लिए शिरडी में भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए 31 दिसंबर को साई समाधि मंदिर दर्शन के लिए पूरी रात खुला रखा जाएगा। यह जानकारी संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बालासाहेब कोलेकर ने दी है। दरअसल हर साल क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान भक्त बड़ी संख्या में साई बाबा के दर्शन करने, मौजूदा साल की विदाई और नए साल का स्वागत करने के लिए शिरडी आते हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी बालासाहेब कोलेकर ने बताया कि शिरडी साई समाधि मंदिर को दर्शन के लिए इस उद्देश्य से खुला रखा जाएगा कि आने वाले सभी भक्त साई बाबा की समाधि के दर्शन कर सकें। इस बीच 31 दिसंबर को शेजारती और 1 जनवरी (नववर्ष 2025) को काकड़ आरती नहीं होगी। क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों की भीड़ के कारण वाहन पूजा 25 दिसंबर से 1 जनवरी तक यानि 7 दिनों के लिए बंद रहेगी। क्रिसमस अवकाश अवधि के दौरान श्री सैस्त्यव्रत पूजा, अभिषेक पूजा जारी रहेगी। कोलेकर ने यह भी कहा कि मुख्य बात यह है कि मंदिर और उसके परिसर में पटाखे और संगीत वाद्ययंत्र बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कोलेकर ने साई भक्तों से अपील की है कि सुरक्षा की दृष्टि से इन नियमों का पालन किया जाना चाहिए। संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बालासाहेब कोलेकर, संस्थान के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सभी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ विभागों के प्रमुख और सभी कर्मचारी इस महोत्सव के सफल समापन के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। छुट्टियों के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए साई संस्था भक्तों के दर्शन की सुविधा के लिए विभिन्न उपाय लागू कर रही है। इसलिए श्रद्धालु 31 दिसंबर की रात में भी साईं बाबा के समाधि का दर्शन कर सकेंगे।

## उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड जारी, कई राज्यों में बारिश का अलर्ट

### हिमाचल समेत 3 राज्यों में तापमान 0 डिग्री से नीचे, चंडीगढ़ में 0.8



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली, यूपी समेत उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। आने वाले दिनों में गलन वाली ठंड पड़ेगी। आंधी-तूफान और बारिश से 9 राज्यों में असर, 12 राज्यों में शीतलहर-कोहरे का अलर्ट देशभर में कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। कहीं माइनस में तापमान गिर गया है तो कहीं शीतलहर से लोग कांप रहे हैं। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के धारचूला में हाल ही में लैंडस्लाइड (भूस्खलन) हुआ जिससे नेशनल हाईवे ब्लॉक हो गया।

यूपी में 26 से 28 दिसंबर के बीच बारिश होगी तो वहीं दिल्ली में 23 दिसंबर को हल्की बारिश की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा, 26 और 27 को भी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने बताया है कि 27 और 28 दिसंबर को पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी यूपी, राजस्थान, मध्य प्रदेश में बारिश और आंधी तूफान की आशंका है।

जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में में तापमान 0 डिग्री के नीचे बना हुआ है। हिमाचल में आज बर्फबारी का भी अलर्ट जारी किया गया है। इससे तापमान में और भी ज्यादा गिरावट हो सकती है। पंजाब-हरियाणा में भी शीतलहर के कारण तापमान में गिरावट दर्ज हुई। चंडीगढ़ में तापमान 0.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पंजाब के आदमपुर इलाके में पारा 1.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग ने बताया है कि उत्तर पश्चिम भारत के पहाड़ी राज्यों के साथ-साथ मैदानी इलाकों में भी बारिश होगी। इसके अलावा, मध्य भारत के राज्यों में भी 27 और 28 दिसंबर को बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, हिमाचल प्रदेश के स्थानीय मौसम विभाग ने शीत लहर की चेतावनी जारी की और 23 और 24 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी और बारिश की आशंका जताई और 27 दिसंबर को कई स्थानों पर भारी बर्फबारी और बारिश की आशंका जताई है।

ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी में 24 दिसंबर तक कुछ स्थानों पर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अतिरिक्त, चंबा, कांगड़ा और कुल्लू में 25 दिसंबर तक शीत लहर और जमीनी पाले पड़ने की चेतावनी जारी की है। स्थानीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक भाखड़ा बांध और बल्ह घाटी के जलाशय क्षेत्र के कुछ हिस्सों में सुबह और देर रात घना कोहरा छाने की संभावना है। वहीं, राजस्थान के कई हिस्सों में भी घना कोहरा और कड़ाके की ठंड रिकॉर्ड की है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि सीकर में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस, पिलानी में 5.4 डिग्री सेल्सियस, गंगानगर में 6.1 डिग्री सेल्सियस और नागौर और चूरू में 6.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 23 और 24 दिसंबर को राजस्थान के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश और बादल छाए रहने की संभावना है। 26 और 27 दिसंबर को एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है और राज्य के कुछ हिस्सों में गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

## अल्लू अर्जुन के घर में तोडफ़ोड़

हैदराबाद। पुलिस ने हैदराबाद में अल्लू अर्जुन के घर के बाहर तोड़फोड़ करने के आरोप में आठ लोगों को अरेस्ट किया है। एक्टर अल्लू अर्जुन हैदराबाद स्थित घर के बाहर उस्मानिया यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स ने तोड़फोड़ की है। इस मामले में पुलिस ने 8 सदस्यों की गिरफ्तारी हुई है। ये लोग एक्टर के घर में जबरन घुसने की कोशिश कर रहे थे। वे पुष्पा–2 के प्रीमियर के दौरान संध्या थिएटर में मची भगदड़ में मारी गई महिला के परिवार को 1 करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग की। इस घटना के कुछ समय पहले ही अल्लू अर्जुन ने पोस्ट किया था– मैं अपने सभी फैंस से अपील करता हूं कि वे हमेशा की तरह जिम्मेदारी से अपनी भावनाएं व्यक्त करें। ऑनलाइन और ऑफलाइन किसी भी प्रकार की अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल न करें, ना ही किसी से गलत व्यवहार करें।

## वाराणसी में सुबह–सुबह लूट : सोना लूटकर फरार हुए बदमाशों ने पिता–पुत्र को मारी गोली

वाराणसी। यहां सुबह होते ही बदमाशों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। रथयात्रा से कमच्छा के बीच मोड़ पर कार सवार बदमाशों ने रविवार सुबह सरेआम सराफा कर्मचारी और उनके पुत्र को गोली मार कर गहने लूट लिये। शुरुआती जांच में सामने आया है कि बदमाशों ने 125 ग्राम सोने के आभूषण लूटे हैं। पिता और पुत्र को बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत फिलहाल ठीक बताई जा रही है। सूचना मिलते ही मौके पर भेलुपुर इंसपेक्टर विजय कुमार शुक्ला, लंका इंसपेक्टर शिवाकांत मिश्र पहुंचे। पिता–पुत्र को तुरंत बीएचयू ट्रामा सेंटर ले जाया गया। ट्रामा सेंटर में पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल, डीसीपी काशी जोन गौरव बंसवाल पहुंचे। उन्होंने घायल पिता–पुत्र का हाल लिया इस वारदात के बाद खुलासे के लिए वाराणसी पुलिस की छह टीमें लगाई गई हैं। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है। शहर और जिले की सीमा पर नाकेबंदी कर दी गई है। गुरुधाम कालोनी के राम जानकी मंदिर के पास के निवासी 46 वर्षीय दीपक सोनी चौक के गोविंदपुरा में एक सराफा के यहां 20 साल से काम करते हैं। वह मुंबई में अपने मालिक के भाई की दुकान से गहने लाने गए थे। महानगरी एक्सप्रेस से वह वाराणसी आए। वाराणसी स्टेशन पर आने पर उन्होंने अपने 18 वर्षीय बेटे आर्यन को फोन किया। आर्यन लाल रंग की स्कूटी लेकर गया। पिता–पुत्र स्कूटी से लौट रहे थे। वे कमच्छा में पहुंचे ही थे कि तभी सफेद रंग की कार ने ओवरटेक कर रोक दिया। चार से पांच की संख्या में बदमाश दीपक सोनी से गहने का बैग छीनने लगे। विरोध करने पर उन्होंने मारपीट की और गोली मार दी। एक गोली दीपक की पीठ में नीचे की ओर लगी है। जबकि आर्यन के बाएं पैर में गोली लगी है।

## हाई-प्रोफाइल शादियों पर है आयकर विभाग की नजर, मेहमानों से होगी पूछताछ

### –इस साल महंगी शादियों पर करीब 7500 करोड़ रुपए का कैश ट्रांजेक्शन हुआ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में शादियों का ट्रेंड बदल रहा है लोग शादी पर लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं। पिछले कुछ सालों में कई हाई-प्रोफाइल और महंगी शादियां हुई हैं। इन शादियों में शाही इंतजाम पर पानी की तरह पैसा बहाया जाता है, लेकिन अब ये महंगी शादियां आयकर विभाग की रडार पर हैं। ऐसे में अब इनकम टैक्स विभाग शादी के खर्चों को लेकर कपल और लोगों से जवाब-तलब कर सकता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक आयकर विभाग करीब 7500 करोड़ रुपए की संदिग्ध टैक्स चोरी के मामले में जयपुर में करीब 20 वेडिंग प्लानरों की जांच कर रहा है। यह जांच कैश ट्रांजेक्शन और खच्चर खातों व नकली बिलों के इस्तेमाल पर फोकस कर रही है। इस जांच का दायरा विदेशों में डेस्टिनेशन वेडिंग और संबंधित विदेशी मुद्रा नियमों तक हो सकता है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस साल ऐसी कई महंगी शादियां हुई हैं, जिनमें करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। महंगे होटल से लेकर करके बालीवुड सितारों को बुलाने पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए। ऐसा अनुमान है कि एक साल में इन शादियों पर करीब 7500 करोड़ रुपए के कैश ट्रांजेक्शन हुए हैं। हैरानी की बात यह है कि कम खर्च दिखाने के लिए इन शादियों में नकली बिलों का इस्तेमाल किया गया। इतना ही नहीं बल्कि हैदराबाद और बेंगलुरु से हवाला ऑपरेटर्स और म्यूल अकाउंट्स के जरिये इन शादियों में पैसा खर्च किया गया है।

ऐसी शादियों के खिलाफ इनकम टैक्स का तलाशी अभियान जारी है। सूत्रों ने बताया कि कि इसका दायरा जल्द ही विदेशी गंतव्य शादियों में मनी ट्रेल की जांच तक बढ़ाया जाएगा, जहां मेहमानों और सितारों को विदेशी स्थानों पर ले जाने के लिए चार्टर्ड प्लेन बुक किए जाते हैं। आयकर विभाग अब यह पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि शादियों में कितना खर्च हुआ है, इसके लिए कैश ट्रांजेक्शन कितने हुए। इसकी जांच के लिए आयकर विभाग मेहमानों की लिस्ट, खाने-पीने और अन्य खर्चों की जांच भी करेगा। साथ ही मेहमानों और कैटरिंग फर्म्स से भी आयकर विभाग पूछताछ कर सकता है।

## जयपुर में अग्निकांड में डीएनए से हुई रिटायर्ड आईएएस के शव की पहचान

*** एक शव दो हिस्सों में बंटा होने से गिनती में हो गई थी गलती**



**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर के भांकरोटा में दो दिन पहले भीषण अग्निकांड का शिकार हुए रिटायर्ड आईएएस करणी सिंह राठौड़ के शव की डीएनए जांच से शिनाख्त हो गई है। उनके शव की शिनाख्तगी के लिए उनकी बेटी का डीएनए लिया गया था। वहीं एक और अन्य शव की भी डीएनए जांच से पहचान की गई है। हादसे में 13 लोग मारे गए हैं। पहले इनकी संख्या 14 बताई गई थी। हादसे में लोग बुरी तरहर जल गए थे कि शवों की पहचान करना मुश्किल हो रहा था। इसलिए डीएनए जांच करवाई गई।

जानकारी के मुताबिक मृतकों की संख्या को लेकर डीएनए जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखे गए पांच अज्ञात शवों के सैम्पल जांच के लिए भेजे गए थे। इनमें दो शवों का एक ही डीएनए निकला। हादसे के बाद जब जले हुए लोगों के शवों को उठाया गया था तब एक शव दो हिस्सों में बंटा हुआ था। लिहाजा उन्हें दो शवों के अवशेष मान लिया गया था, लेकिन जांच के बाद अब तय हो गया कि ये शव पांच नहीं बल्कि चार ही हैं।

इन चार शवों की एफएसएल में हुई डीएनए जांच में दो की शिनाख्त हो गई है। इनमें एक शव रिटायर्ड आईएएस करणी सिंह का है और दूसरा यूपी निवासी संजय का है। राजस्थान एफएसएल टीम ने रिकॉर्ड समय में किए इन शवों की डीएनए जांच पूरी कर ली है। करणी सिंह की मौत की पुष्टि घटनास्थल पर जली हुई मिली उनकी कार से हुई थी। कार के चेसिस नंबरों के आधार पर माना गया था कि करणी सिंह अग्निकांड के शिकार हुए हैं, लेकिन उनके शव की शिनाख्त नहीं हो पा रही थी।

हादसे के अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इनमें आधा दर्जन से ज्यादा घायलों की हालत गंभीर है। इस अग्निकांड की जांच एसआईटी कर रही है। जांच कर रही प्रशासनिक कमेटी की शनिवार को बैठक हुई। हाईकोर्ट ने भी इस मामले में प्रसंज्ञान लिया है। हाईकोर्ट ने भारत सरकार पेट्रोलियम मंत्रालय, सीएस और आपदा प्रबंधन सचिव सहित राजस्थान के पेट्रोलियम सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले को सुनवाई के लिए खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए हैं।

## हरिद्वार में नहीं मिली धर्म संसद करने की अनुमति, अब कुंभ मेले में होगी आयोजित

हरिद्वार। हरिद्वार में धर्म संसद के आयोजन के लिए प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने के बाद अब प्रयागराज कुंभ में धर्म संसद करने की योजना बनाई गई है। इसको लेकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी ने सनातन धर्म के लिए इस संघर्ष में साथ देने की बात कही है। बता दें कि 19 से 21 दिसंबर तक हरिद्वार के जूना अखाड़े में धर्म संसद लगाने के लिए प्रशासनिक अनुमति नहीं मिलने पर स्वामी यति नरसिंहानंद ने पुलिस और प्रशासन पर कड़ी आपत्ति जताई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि अधिकारियों ने उन्हें धमकाया और धर्म संसद आयोजित करने में बाधा डाली। इसके बाद स्वामी ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर इसकी शिकायत की थी। धर्म संसद के आयोजन के लिए हरिद्वार में प्रशासनिक अनुमति नहीं मिलने के बाद स्वामी यति नरसिंहानंद ने अब प्रयागराज कुंभ में धर्म संसद आयोजित करने का ऐलान किया है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के उत्पीड़न को रोकने के लिए कठोर कदम उठाने की भी अपील की। यति नरसिंहानंद ने ये भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने धर्म संसद की अनुमति में कोई हस्तक्षेप नहीं किया बल्कि ये अनुमति पुलिस प्रशासन ने नहीं दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कोई गलती नहीं की है और इस कारण से पदयात्रा का औचित्य नहीं बनता।

## इसरो का स्पेडेक्स मिशन पर जोर, पीएसएलवी-सी60 रॉकेट लॉन्चपैड पर तैनात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) स्पेडेक्स मिशन की पुरजोर तैयारी कर चुका है। पीएसएलवी-सी60 रॉकेट पहले लॉन्चपैड पर तैनात है। उसकी चिपटी नाक में स्पेडेक्स सैटेलाइट रखे हैं। लॉन्चिंग की तारीख बताई नहीं गई है लेकिन इसरो इसे संभवतः 30 दिसंबर या उसके आसपास कर सकता है।

इस मिशन में दो सैटेलाइट हैं। पहला चेसर दूसरा टारगेट। चेसर सैटेलाइट टारगेट को पकड़ेगा और उससे डॉकिंग करेगा। इसके अलावा इसमें एक अहम टेस्ट हो सकता है। सैटेलाइट से एक रोबोटिक आर्म निकले जो हुक के जरिए टारगेट को अपनी ओर खींचेगा ये टारगेट अलग क्यूबसैट हो सकता है।

इस प्रयोग से भविष्य में इसरो ऑर्बिट छोड़ अलग दिशा में जा रहे हिस्से को वापस कक्षा में लाने की तकनीक हासिल होगी साथ ही ऑर्बिट में सर्विसिंग और रीफ्यूलिंग का ऑप्शन भी खुल जाएगा। स्पेडेक्स तय करेगा कि भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन कैसे बनेगा और चंद्रयान-4 कैसे जाएगा। इस तस्वीर में दाहिने रॉकेट असेंबलिंग यूनिट और बाएं लॉन्च पैड है। बीच में पीएसएलवी रॉकेट है, जिसे लॉन्च पैड पर ले जाया जा रहा है।

स्पेडेक्स मिशन में दो अलग-अलग स्पेसक्राफ्ट को अंतरिक्ष में जोड़कर दिखाया जाएगा। चंद्रयान-4 के लिए अंतरिक्ष में डॉकिंग बहुत जरूरी तकनीक है। डॉकिंग मतलब जो अलग-अलग हिस्सों को एक-दूसरे की तरफ लाकर उसे जोड़ना है। रॉकेट असेंबलिंग यूनिट से बाहर निकलता पीएसएलवी-सी60 रॉकेट। अंतरिक्ष में दो अलग-अलग चीजों को जोड़ने की ये तकनीक भारत को अपना स्पेस स्टेशन बनाने में मदद करेगी। साथ ही चंद्रयान-4 प्रोजेक्ट में भी सहायता करेगी। स्पेडेक्स यानी एक ही सैटेलाइट के दो हिस्से होंगे। इन्हें एक ही रॉकेट में रखकर लॉन्च किया जाएगा। अंतरिक्ष में ये दोनों अलग-अलग जगहों पर छोड़े जाएंगी।

भविष्य में इस तकनीक के आधार पर भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन भी बनाया जाएगा। इसके बाद इन दोनों हिस्सों को धरती से निचली कक्षा से जोड़ा जाएगा ताकि ये फिर एक यूनिट बन जाएं। इस पूरे प्रोसेस में कई तरह के काम होंगे-जैसे दोनों अलग-अलग हिस्से एक-दूसरे को खुद से अंतरिक्ष में खोजेंगे, उनके पास आएंगे ताकि एक ही ऑर्बिट में आ सकें। इसके बाद दोनों एकदूसरे से जुड़ जाएंगे इस तरह से रॉकेट को बेहद बड़े और मजबूत प्लेटफॉर्म पर रख कर ट्रेन की पटरियों की तरफ खिसकाते हुए लॉन्च पैड तक ले जाते हैं। इसमें काफी समय लगता है। एक बार रॉकेट लॉन्च पैड तक पहुंच जाए, फिर उसकी फ्यूलिंग वगैरह का काम शुरू होता है। ये 24 घंटे के काउंटडाउन के बाद शुरू होता है या यूं कहें कि उसी समय से काउंटडाउन शुरू करते हैं. कई तरह की जांच-पड़ताल होती है। रॉकेट के पूरे सिस्टम चेक किए जाते हैं।



# भारत में एसआईपी में अच्छी वृद्धि, बढ़ा विश्वास

### जनवरी से नवंबर तक एसआईपी में शुद्ध प्रवाह 9.14 लाख करोड़ रुपए रहा




**मुंबई ।**

भारत में एसआईपी में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में शुद्ध प्रवाह 233 फीसदी (सालाना आधार) बढ़ा है। इसका मुख्य कारण भारतीय अर्थव्यवस्था की लचीलापन में वृद्धि और भू-राजनीतिक परिस्थितियों में स्थिरता है। आईसीआरए एनालिटिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी से नवंबर तक कुल एसआईपी में शुद्ध प्रवाह 9.14 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के मुकाबले 233 प्रतिशत की वृद्धि है। नवंबर में रजिस्टर्ड नए एसआईपी की संख्या 49.47 लाख हो गई है, जो 2023 में 30.80 लाख थी। एसआईपी एयूएम ने नवंबर में 13.54 लाख करोड़ रुपये के अंडर मैनेजमेंट रखा, जो पिछले साल के 9.31 लाख करोड़ के मुकाबले है। भारतीय म्यूचुअल फंड (एमएफ) इंडस्ट्री ने भी शुद्ध प्रवाह में 135 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी है। विश्वव्यापी अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति के साथ, आने वाले वर्षों में उद्योग में गुना-गुना वृद्धि की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि घरेलू म्यूचुअल फंड उद्योग में भी उम्मीदें हैं कि निवेशकों में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। शुद्ध एयूएम में भी बड़ी बढ़ोतरी हुई है, जिसके साथ नवंबर में एयूएम पहुंचा 68.08 लाख करोड़ रुपये पर। इक्विटी कैटेगरी के लार्ज कैप फंड में सबसे अधिक वृद्धि हुई है, जो नवंबर में लगभग 731 प्रतिशत बढ़कर 2547.92 करोड़ रुपये हुआ है। भावनात्मक दृष्टि से देखा जाए तो, भारतीय अर्थव्यवस्था का उछाल निवेशकों के बीच नया जोश और विश्वास पैदा कर रहा है। आने वाले दिनों में उद्योग में और भी बढ़ोतरी की संभावना है जिससे निवेशकों को अच्छे रिटर्न की संभावना है।

# देश के नौ प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री में 21 फीसदी गिरावट की संभावना

### - कुल बिक्री तिमाही में 1,08,261 इकाई रह जाने की संभावना



**नई दिल्ली ।**

रियल एस्टेट की एक आंकड़ा विश्लेषक कंपनी ने जारी की एक रिपोर्ट में कहा है कि देश के प्रमुख नौ आवास बाजारों में अक्टूबर से दिसंबर तिमाही के दौरान घरों की बिक्री में 21 फीसदी की गिरावट की संभावना है। इसका कारण उच्च आधार प्रभाव है, जिसके कारण लगभग 1.08 लाख इकाई रह जाएगी। कंपनी ने दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, नवी मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, और ठाणे के लिए बिक्री आंकड़े जारी किए हैं। दिल्ली-एनसीआर में ही बिक्री में वृद्धि की संभावना है जबकि अन्य शहरों में गिरावट की संभावना है। जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार कुल बिक्री तिमाही में 1,08,261 इकाई रह जाने की संभावना है, जो पिछले साल से कम है। हालांकि, सितंबर तिमाही में बिक्री में पांच प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। रिएल स्टेट के एक वे रिष्ठ अ धिकारी ने बताया कि उच्च आधार प्रभाव के कारण बिक्री में गिरावट आई है, लेकिन त्योहारी मांग के कारण इसमें सुधार हो सकता है। वे ने दावा किया कि आपूर्ति-खपत अनुपात मजबूत और स्वस्थ है, जिससे रियल एस्टेट क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, कोलकाता, और पुणे में भी बिक्री में गिरावट की संभावना है। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में बाजार इस रुझान को बदलने के लिए तैयार है और बिक्री में वृद्धि की संभावना है। यह आंकड़े रियल एस्टेट बाजार की मानें और इस क्षेत्र में संवेदनशीलता का पूरा काम करते हैं। देश विस्तार से यह गिरावट के संकेत के रूप में देखी जा सकती है, जो क्षेत्र के निर्माण और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण है।

# किआ की नई एसयूवी सिरोस बाजार में पेश



**नई दिल्ली ।**

किआ मोटर्स ने अपनी नई एसयूवी सिरोस को बाजार में पेश किया है। इस मॉडल का लॉन्च ऑटो एक्सपो 2025 में किया जाएगा। किआ इस एसयूवी के जरिए अपनी दो अन्य एसयूवी मॉडल्स, सेल्टॉस और सोनेट, के बीच के ग्राहकों को आकर्षित करने की योजना बना रही है। यह एक बी सेगमेंट की एसयूवी है, जिसकी बुकिंग 3 जनवरी 2025 से शुरू होगी, और इसकी डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू हो जाएगी। सिरोस को एचटीके, एचटीके (ओ),एचटीके प्लस, एचटीके एचटीएक्स प्लस औरएचटीएक्स प्लस(ओ) के छह वैरिएंट्स में उपलब्ध कराया जाएगा, और यह 8 आकर्षक रंगों में उपलब्ध होगी। डिजाइन के मामले में, किआ ने एसयूवी सिरोस को खासतौर पर स्पेशियस बनाने की कोशिश की है। इस एसयूवी की फ्रंट डिजाइन को बेहद बोल्ड और आकर्षक बनाया गया है, जिसमें वर्टिकल आइस क्यूब एलईडी हेडलाइट्स और बड़ा एलईडी डीआरएल शामिल हैं। इसके फ्रंट में शानदार लुक के साथ हाई सेट बोनट, बंपर में सिल्वर एलिमेंट्स और एडवांस ड्राइविंग असिस्टेंस सिस्टम के लिए रडार मॉड्यूल दिए गए हैं। इसकी साइड प्रोफाइल में लंबी रूफ टेल, ब्लैक बॉडी क्लैडिंग और 17 इंच के अलॉय व्हील्स दिए गए हैं। इसके अलावा, डबल पैन पैनोरमिक सनरूफ और केबिन में 30 इंच का पैनोरमिक स्क्रीन सेटअप भी उपलब्ध है, जो वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो और एप्पल कारप्ले कनेक्टिविटी को सपोर्ट करता है। सेफ्टी फीचर्स की बात करें तो किआ ने सिरोज में 6 स्टैंडर्ड एयरबैग्स और 360 डिग्री कैमरा सुविधा दी है।

इसके अलावा, इसमें ऑटो होल्ड के साथ इलेक्ट्रिक पार्किंग ब्रेक की भी सुविधा है। इंजन के विकल्प में, किआ सिरोस में 1.5 लीटर डीजल इंजन दिया गया है, जो 116 बीएचपी की पावर और 250 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। पेट्रोल विकल्प में 1.0 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन मिलेगा, जो 120 बीएचपी की पावर और 172 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। यह एसयूवी 6-स्पीड मैनुअल, 7-स्पीड डीसीटी और 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन गियरबॉक्स के साथ उपलब्ध होगी।

# एलआईसी के पास लावारिस पड़े 880 करोड़ रुपए!

### - अब तक लगभग 3,72,282 बीमा पॉलिसियां ली गई, लेकिन मैच्योरिटी पर पैसे निकलवाए नहीं




**नई दिल्ली ।**

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में बिना दावा किए पड़ी परिपक्वता राशि जो मिली थी, वह 880.93 करोड़ रुपये थी। इस समय तक लगभग 3,72,282 पॉलिसीधारकों ने बीमा पॉलिसियां ली थीं, लेकिन मैच्योरिटी पर पैसे निकलवाए नहीं। अगर किसी पॉलिसीधारक ने तीन साल से अधिक समय तक कोई लाभ नहीं प्राप्त किया तो वो राशि बिना दावा की गई मानी जाती है और अगर पैसा 10 साल से अधिक समय तक बिना दावा के रह जाता है, तो वह पूरी राशि सरकार के सीनियर सिटिजन वेलफेयर फंड में स्थानांतरित कर दी जाती है। लेकिन अनक्लेम्ड राशि होने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। एलआईसी अपने पॉलिसीधारकों तक पहुंचने और अनक्लेम्ड राशियों का निपटारा करने के लिए जागरूकता अभियानों और डिजिटल माध्यमों का सहारा ले रही है। अगर आपके भी किसी एलआईसी पॉलिसी पर अनक्लेम्ड पैसा है, तो आपको एलआईसीकार्यालय जाकर आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। सभी एलआईसी पॉलिसीधारकों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी पॉलिसी की स्थिति को समय-समय पर जांचते रहें ताकि उनकी मेहनत की कमाई सुरक्षित रहे और उन्हें अपने भविष्य के लिए भी सुरक्षा मिले। अब एलआईसी ने जनता को ऑनलाइन भी सुविधा दी है, जिससे कोई भी पॉलिसीधारक घर बैठे अपनी पॉलिसी की स्थिति जान सकता है।

# गरीबों की मदद के लिए चावल पर जीएसटी घटाया: निर्मला सीतारमण

### - चावल पर कर दर को 18 से 5 प्रतिशत कम किया जाएगा



**जैसलमेर ।**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक के बाद बड़े फैसले किए। उन्होंने घोषित किया कि चावल पर कर दर को 18 से 5 प्रतिशत कम किया जाएगा। इसके साथ ही, जीवन रक्षक जीन थेरेपी और एसएएम मिसाइलों के लिए उपयोग होने वाले पुर्जों पर जीएसटी छूट की अवधि भी बढ़ा दी गई है। सभी एसएएम मिसाइलों के निर्माण में उपयुक्त पुर्जों को जीएसटी से छूट दी जाएगी। उन्होंने छोटे व्यवसायों की मदद के लिए कई और कदम उठाए, जैसे 2,000 रुपये से कम के लेन-देन के लिए छूट देना। वित्त मंत्री ने महसूस किया कि ई-कॉमर्स कंपनियों और खाद्य पदार्थों की डिलीवरी सेवाओं पर जीएसटी को लेकर और चर्चा होनी चाहिए। इसके साथ ही, बैठक में और विस्तृत चर्चा की जाएगी। वित्त मंत्री ने उधारकर्ताओं के लिए भी शुल्कों में कई बदलाव की घोषणा की। उन्होंने संशोधन के लिए एक अवधारणा नोट को मंजूरी दी और वस्तुओं की परिभाषा को स्पष्ट करने के उद्देश्य के साथ खुदरा बि के लिए पहले से पैक और लेबल वाली वस्तुओं की परिभाषा में संशोधन किया। इन सभी निर्णयों से सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में सुधार करने का निशाना साबित किया है।

## रॉयल एनफील्ड की 3 नई बाइक्स जल्द होगी लांच

**नई दिल्ली ।**

रॉयल एनफील्ड कंपनी भारतीय बाजार में तीन नई बाइक्स को लॉन्च करने की तैयारी में है। अगर आप भी रॉयल एनफील्ड की नई बाइक खरीदने का प्लान बना रहे हैं, तो आपके लिए यह एक बेहतरीन मौका हो सकता है। पहली बाइक है रॉयल एनफील्ड क्लासिक 650, जो क्लासिक 350 की सफलता को देखते हुए लॉन्च की जाएगी। इस बाइक में 648सीसी का पैरेलल ट्विन इंजन मिलेगा, जो 47.4 बीएचपी की पावर और 52.4 एनएम का टॉर्क जेनरेट करेगा। यह बाइक शानदार परफॉर्मेंस के साथ क्लासिक डिजाइन में होगी और 2025 की पहली तिमाही में लॉन्च होने की उम्मीद है। दूसरी बाइक है रॉयल एनफील्ड बुलेट 650, जो रॉयल एनफील्ड की आइकॉनिक बुलेट सीरीज का बड़ा वर्जन होगी। इसमें 648सीसी ट्विन-सिलेंडर इंजन होगा, जो बेहतरीन राइडिंग अनुभव देगा। इसकी टेस्टिंग भारतीय सड़कों पर हो चुकी है, और इसकी लॉन्चिंग को लेकर उम्मीदें बहुत ज्यादा हैं। तीसरी बाइक है रॉयल एनफील्ड हिमालयन 650, जो एडवेंचर बाइक प्रेमियों के लिए एक शानदार विकल्प साबित हो सकती है।

## जीएसटी काउंसिल की बैठक में पॉपकॉर्न पर लगेंगे 3 तरह के टैक्स

### - पॉपकार्न पर फ्लेवर के अनुसार लगाया जाएगा टैक्स




**नई दिल्ली ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक जैसलमेर में आयोजित हुई, जहां पॉपकॉर्न पर नए टैक्स रेट्स के फैसले लिए गए। इसमें काउंसिल ने पॉपकॉर्न को तीन विभिन्न जीएसटी स्लैब में शामिल करने की योजना बनाई है, जो उसके फ्लेवर के अनुसार होंगे। टैक्स की विवरण इस प्रकार हैं- 1. साधारण नमक और मसालों से तैयार किया गया पॉपकॉर्न (पैकेज्ड और लेबल्ड न हो) पर 5 फीसदी जीएसटी लागू होगा। 2. पैकेज्ड और लेबल्ड साधारण नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न पर 12 फीसदी टैक्स लगेगा। 3. चीनी या सुगर फ्लेवर वाले पॉपकॉर्न पर 18 फीसदी जीएसटी लागू होगा। पॉपकॉर्न का व्यापार न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में भी बढ़ा है। बीते साल में भारत में पॉपकॉर्न का व्यापार लगातार बढ़ रहा है और एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में इसका मार्केट 8 अरब डॉलर से अधिक का हो गया है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में अन्य फैसले भी लिए गए, जिसमें पुरानी कारों पर 18 फीसदी जीएसटी, फोर्टिफाइड चावल पर 5 फीसदी जीएसटी और जीन थेरेपी के लिए पूरी छूट शामिल हैं। हेल्थ इंश योरेंस और लाइफ इंश योरेंस पर जीएसटी की दर कम करने के प्रस्ताव टल गए हैं, जबकि जोमेटो और स्विगी पर ऑनलाइन फूड ऑर्डर करने पर भी कोई राहत नहीं मिली। कुल मिलाकर जीएसटी काउंसिल की बैठक ने व्यापारिक मामलों को ध्यान में रखते हुए पॉपकॉर्न पर टैक्स में बड़े बदलाव किए हैं, जो आम जनता को सीधे असर पहुंचा सकते हैं।

## इस साल आईपीओ बाजार में 90 कंपनियों ने रिकॉर्ड 1.6 लाख करोड़ जुटाए

### - निवेशकों ने दीर्घकालिक निवेश के लिए भी कंपनियों में विश्वास जताया

**मुंबई ।** आर्थिक वृद्धि की रफ्तार और अनुकूल बाजार परिस्थितियों के साथ, 2024 में आईपीओ के बाजार में भारी चल रही है। इस साल कंपनियों ने आईपीओ के माध्यम से भारी राशि जुटाई है। इस वृद्धि में निवेशकों का भरोसा और नियामकीय ढांचे में सुधार का महत्वपूर्ण योगदान है। साल के दौरान कंपनियों ने आईपीओ के जरिये रिकॉर्ड 1.6 लाख करोड़ रुपये की राशि जुटाई है। एक्सचेंज के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 2024 में 90 आईपीओ आए जिनके जरिये सामूहिक रूप से 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए। माना जा रहा है कि अगला साल भी आईपीओ के लिए काफी अच्छा रहेगा। आईपीओ के लिए असाधारण रहा यह साल न केवल निर्गम लाने वाली कंपनियों के भरोसे को दर्शाता है, बल्कि इससे निवेशकों के विश्वास का भी पता चलता है। आईपीओ ने न केवल निगमों के भरोसे को बल्कि निवेशकों के विश्वास को भी प्रमाणित किया है। निवेशकों ने सिर्फ लाभ कमाने के लिए नहीं बल्कि दीर्घकालिक निवेश के लिए भी कंपनियों में विश्वास जताया है। हुंदै मोटर इंडिया का ऐतिहासिक 27,870 करोड़ रुपये का आईपीओ इस साल का सबसे बड़ा आईपीओ हुआ है। छोटी, मझोली और बड़ी कंपनियों ने साझेदारी जुटाते हुए धन जुटाया है। निवेशकों की बढ़ती भागीदारी के साथ आईपीओ के बाजार में आने वाले साल में भी तेजी की संभावना है। साल के तैयारी में हैं कंपनियां, जो आईपीओ के माध्यम से और अधिक धन जुटाने की सोच रही हैं। जब बाजार विश्लेषकों का यह मानना है कि 2025 में आईपीओ से जुटने वाली राशि अब कि आंकड़ों को पार कर सकती है, तो निवेशकों की उम्मीदें और भी ऊंचाई पर चढ़ गई हैं। आगामी साल में भी आईपीओ बाजार ऐसे ही गतिविधियों में आगे बढ़ते रहने की संभावना है।

# वैश्विक रुझान, एफआईआई की गतिविधियां तय करेंगी शेयर बाजार की दिशा : विश्लेषक

### - रुपये-डॉलर का रुख और कच्चे तेल के दाम भी बाजार को प्रभा वित करेंगे




**मुंबई ।**

इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक रुझान और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा है कि इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में घरेलू मोर्चे पर कोई प्रमुख घटनाक्रम नहीं है। ऐसे में बाजार भागीदारों की नजरें वैश्विक संकेतकों पर रहेगी। बाजार के एक वरिष्ठ शोध विश्लेषक ने कहा कि आगे की ओर देखें तो घरेलू मोर्चे पर किसी बड़े संकेतक का अभाव है। हालांकि, कुछ वैश्विक संकेतक बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसमें अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल, डॉलर इंडेक्स का प्रदर्शन, बेरोजगारी दावे और नए घरों की बिक्री के आंकड़े शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव का सिलसिला चल रहा है। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार बिकवाल बने हुए हैं। ऐसे में निवेशकों द्वारा सतर्क रुख अपनाए जाने की उम्मीद है। हालिया कमजोरी के रुख के बावजूद बाजार का दृष्टिकोण सतर्क रूप से आशावादी बना हुआ है। हालांकि, एफआईआई की लगातार बिकवाली ने बाजार पर दबाव बढ़ा दिया है। बाजार के जानकारों ने कहा कि एफआईआई का रुख अचानक से लिवाल से बिकवाल का हो गया, जिससे बाजार प्रभावित हुआ है। विश्लेषकों ने कहा कि रुपये-डॉलर का रुख और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम भी बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का रहेगा।

बाजार भागीदारों की निगाह एफआईआई के प्रवाह और वैश्विक बाजारों के प्रदर्शन पर रहेगी। बाजार के जानकारों ने कहा कि भारतीय बाजार में कमजोरी बने रहने की संभावना है। उतार-चढ़ाव के बीच बाजार भागीदारों की निगाह वैश्विक संकेतकों पर रहेगी। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन आ रहा है और वैश्विक बाजारों में दो-तीन दिन अवकाश रहेगा। ऐसे में स्थानीय बाजार में भी गतिविधियां सुस्त रहेंगी।

## केंद्र सरकार और एडीबी ने नीति-आधारित ऋण पर हस्ताक्षर किए

### भारत के लॉजिस्टिक्स सेक्टर में एक महत्वपूर्ण उन्नति की उम्मीद




**नई दिल्ली ।** भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मल्टीमॉडल और एकीकृत लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम कार्यक्रम (स्माइल) के तहत ऐतिहासिक नीति-आधारित ऋण पर हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत के लॉजिस्टिक्स सेक्टर में एक महत्वपूर्ण उन्नति की उम्मीद है। सरकारी स्तर पर वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग और एशियन डेवेलपमेंट बैंक मिलकर भारत को ईफी सिएंट, रेसीलेंट और सस्टेने बिल लॉजिस्टिक्स सिस्टम में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। मल्टीमॉडल और एकीकृत लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम कार्यक्रम एक अहम नीति-आधारित पहल है जो लॉजिस्टिक्स सुधारों के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाता है। इसके अंतर्गत, मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्बाध एकीकरण के लिए राष्ट्रीय, राज्य और शहर स्तर पर क्षमताएँ विकसित की जाएगी, वेयरहाउसिंग का मानकीकरण होगा, व्यापार लॉजिस्टिक्स में सुधार किया जाएगा, और प्रदूषण को कम करते हुए दक्षता बढ़ाई जाएगी। इन सुधारों से यह आशा है कि लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी, परिचालन दक्षता में सुधार होगा, और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसके माध्यम से भारत को विश्वस्तरीय लॉजिस्टिक्स सेवाएं प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण धारा मिलेगी।

# सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों का मार्केट कैप 4.95 लाख करोड़ घटा

### - टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ



**मुंबई ।**

बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में 4,95,061 करोड़ रुपये की गिरावट देखी गई है। शेयर बाजार में मंदड़ियों के रुख के बीच टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। बीते सप्ताह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 1,10,550.66 करोड़ रुपये घटकर 15,08,036.97 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज के मूल्यांकन में 91,140.53 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 16,32,004.17 करोड़ रुपये, पर आ गया।

एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 76,448.71 करोड़ रुपये घटकर 13,54,709.35 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल की 59,055.42 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 8,98,786.98 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 43,909.13 करोड़ रुपये घटकर 7,25,125.38 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 41,857.33 रुपये घटकर 9,07,449.04 करोड़ रुपये, इन्फोसिस का मूल्यांकन 32,300.2 करोड़ रुपये घटकर 7,98,086.90 करोड़ रुपये, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 20,050.25 करोड़ रुपये घटकर 5,69,819.04 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 12,805.27 करोड़ रुपये घटकर 5,48,617.81 करोड़ रुपये और आईटीसी का मूल्यांकन 6,943.5 करोड़ रुपये घटकर 5,81,252.32 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, एसबीआई, आईटीसी, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

## घरेलू प्रवासियों की संख्या में कमी आने का अनुमान: ईएसी-पीएम

### - 2023 में घरेलू प्रवासियों की संख्या 40.20 करोड़ रही

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति (ईएसी) की एक रिपोर्ट ने देश में घरेलू प्रवासियों की संख्या में 2011 से 2023 तक 12 प्रतिशत की कमी का अनुमान लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में घरेलू प्रवासियों की संख्या 40.20 करोड़ रही, जो 2011 की जनगणना के अनुसार 11.78 प्रतिशत कम है। ईएसी-पीएम के खास पत्र में इस विषय पर ध्यान दिया गया है। एक पूर्व चेयरमैन ने लिखा है कि यह घटती प्रवासन दर वृद्धि की ओर एक सकारात्मक कदम है। यह बेहतर आर्थिक अवसरों के कारण हो रहा है और इससे देश को आर्थिक वृद्धि में सामर्थ्य मिलेगा। जनगणना 2011 के अनुसार केवल पांच राज्यों में ही कुल प्रवासियों का 48 प्रतिशत हिस्सा है, जिसमें राज्य के भीतरी प्रवासी भी शामिल हैं। प्रवासी संख्या में कमी का अनुमान देश में ला-गई अच्छी सेवाओं और शिक्षा के साथ-साथ उच्च आवृत्ति डेटा का उपयोग करने का परिणाम है। इस स्थिति में, देश को और भी अधिक उन्नति के लिए घरेलू प्रवासियों की सेवाएं सुधारने में महत्वपूर्ण कदम उठाने की आवश्यकता हो सकती है। इससे वे अपने परिवारों को सुधारित जीवन प्रदान करके देश की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दें।



# विजय सेतुपति को लेकर थ्रिलर फिल्म बनाने जा रहे हैं एटली



शाहरुख खान को लेकर ब्लॉक बस्टर जवान बनाने वाले निर्माता निर्देशक एटली इन दिनों अपनी अगली फिल्म बेबी जॉन को लेकर खासी चर्चाओं में हैं। यह फिल्म आगामी सप्ताह क्रिसमिस के मौके पर प्रदर्शित होने जा रही है। इस फिल्म में वरुण धवन जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे। अब निर्माता एटली और मुराद खेतानी ने अपने अगले प्रोजेक्ट की घोषणा की है, जो कि एक तमिल थ्रिलर फिल्म होगी जिसमें विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में हैं। दोनों ने एक बार फिर साथ काम किया है, इस बार एक मनोरंजक कहानी के लिए जो अभिनेता की बहुमुखी प्रतिभा को उनके स्टार पावर के साथ मिलाने का वादा करती है। प्रोजेक्ट से जुड़े सूत्रों ने बताया कि अभी तक बिना शीर्षक वाली यह फिल्म 2025 की पहली तिमाही में फ्लोर पर आएगी, जिसे साल के अंत तक सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना है। रिपोर्ट में एक सूत्र ने बताया, फिल्म का विषय शानदार है और इसमें शामिल सभी लोग प्रोडक्शन शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। यह थ्रिलर एक अभिनेता और एक स्टार दोनों के रूप में विजय सेतुपति के कद के साथ न्याय करेगी। मुराद खेतानी ने पोर्टल के साथ एक विशेष साक्षात्कार में सहयोग की पुष्टि की। उन्होंने कहा, पाइपलाइन में कई प्रोजेक्ट हैं, लेकिन एक फिल्म को लॉक कर दिया गया है। एटली सर और मैं एक तमिल फिल्म शुरू कर रहे हैं, जो बहुत जल्द फ्लोर पर जाएगी। हम जल्द ही अधिक जानकारी साझा करेंगे। इसके अलावा, एटली ने इस प्रोजेक्ट के लिए अपना उत्साह साझा करते हुए कहा- हां, यह विजय सेतुपति सर के साथ एक फिल्म है। यह एक शानदार कहानी है जिस पर मुराद सर और मैं पिछले दो सालो से काम कर रहे हैं। यह सिने1 और ए फॉर एप्पल की अगली धमाकेदार फिल्म है। यह घोषणा बेबी जॉन की रिलीज से ठीक पहले की गई है, जिसे एटली, मुराद खेतानी और जियो स्टूडियोज ने प्रोड्यूस किया है।



# कभी भोली पंजाबन तो कभी बनीं लज्जो, ऋचा के किरदारों ने जीता दिल

बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई अभिनेत्रियों का बोलबाला है, जिनमें कुछ स्टारकिड्स भी हैं। इन सबके बीच एक ऐसी अभिनेत्री ऋचा चड्ढा भी हैं, जिसने न केवल इंडस्ट्री में कदम रखा, बल्कि आउटसाइडर होकर भी कई स्टार किड्स से आगे निकल गई। उनमें खास बात यह रही कि उन्होंने खुद को फिल्मों में केवल एक ही तरह के किरदार में नहीं ढाला, बल्कि डेब्यू फिल्म से लेकर करियर की कई फिल्मों में अलग-अलग किरदार में खुद को बखूबी उतारा। उन्होंने कभी नगमा बेगम बन दमदार अदाकारी दिखाई तो कभी लज्जो बन अदाएं।

### मसान में देवी

नीरज घेवन निर्देशित फिल्म मसान कई मायनों में मील का पत्थर साबित हुई। वाराणसी की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म जाति और वर्ग से परे मानवीय रिश्तों के बारे में बताती है। फिल्म में ऋचा चड्ढा ने देवी की भूमिका निभाई है, जो एक कंप्यूटर ट्रेनिंग की टीचर है, जो एक घटिया होटल में अपने प्रेमी के साथ इंटीमेट होते समय पुलिस छापे का शिकार बन जाती है। ऋचा चड्ढा ने एक सीधी-सादी और चुलबुली मध्यमवर्गीय लड़की की भूमिका निभाई, जो साथियों से बदतमीजी और वर्दीधारी पुरुषों से लगातार ब्लैकमेलिंग का सामना करती है, लेकिन फिर भी अपने सिर को ऊंचा रखती है।

### गैंग्स ऑफ वासेपुर में नगमा खातून

अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर हिट रही। ऋचा चड्ढा को भी इस फिल्म से खास पहचान मिली। ऋचा चड्ढा ने गैंगस्टर सरदार खान (मनोज बाजपेयी) की जिद्दी पत्नी नगमा खातून खान की भूमिका निभाई। ऋचा चड्ढा ने एक अधिकार जताने वाली पत्नी के रूप में शानदार अभिनय किया है। इस किरदार से वह खूब मशहूर हुई।

### फुकरे में भोली पंजाबन

ऋचा चड्ढा के करियर को फुकरे सीरीज और फिल्म ने ऊंचाई पर पहुंचाया, जिसमें उन्होंने भोली पंजाबन का किरदार निभाया था। भोली पंजाबन के रूप में ऋचा चड्ढा ने शानदार अभिनय किया है। वह एक तीखी, उग्र और भोली-भाली स्थानीय डॉन है। वह फुकरे की विरोधी है। यह फिल्म निकम्मे दोस्तों हनी, चूचा, लाली और जफर (पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा , नवजोत सिंह और अली फजल) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो जल्दी अमीर बनने की योजना बनाते हैं। यह उन्हें भोली पंजाबन के अड्डे तक ले जाता है। भोली इस योजना का हिस्सा बनने के लिए तुरंत तैयार हो जाती है, लेकिन जब योजना विफल हो जाती है और वे सभी पैसे खो देते हैं तो चीजें गड़बड़ा जाती हैं। ऋचा चड्ढा ने एक गुस्सैल लेडी-डॉन की भूमिका निभाई है, जो अपना पैसा वापस पाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ती।

### सरबजीत में सुखप्रीत कौर

सरबजीत में ऋचा चड्ढा की मुख्य भूमिका नहीं थी, लेकिन फिर भी उन्होंने कुछ दृश्यों से दर्शकों का दिल जीता। फिल्म में उन्होंने सरबजीत सिंह अटवाल (रणदीप हुड्डा) की समर्पित पत्नी सुखप्रीत कौर का किरदार निभाया था। जब भारतीय नागरिक सरबजीत गलती से नशे की हालत में भारत-पाक सीमा पार कर जाता है, तब उस पर पाकिस्तान सरकार द्वारा भारतीय जासूस होने का गलत आरोप लगाया जाता है। फिल्म में सरबजीत की पत्नी बन ऋचा परिवार का स्तंभ और ताकत बनने की कोशिश करती हैं।

### हीरामंडी में लज्जो

फुकरे की तरह हीरामंडी भी ऋचा चड्ढा के करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई। संजय लीला भंसाली की डेब्यू सीरीज में ऋचा ने लज्जो की भूमिका निभाई थी। यह सीरीज 1920 से 1940 के दशक के लाहौर के रेड-लाइट एरिया हीरामंडी में वेश्याओं के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। सीरीज में लज्जो ने कम स्क्रीन टाइमिंग में भी महफिल लूट ली थी और वह अपने छोटे किरदार से अन्य अभिनेत्रियों पर भारी पड़ गई।



# विधु विनोद चोपड़ा लिख रहे हैं दो बड़ी फिल्मों का सीक्वल

विधु विनोद चोपड़ा पिछले साल फिल्म '12वीं फेल' से दर्शकों को इमोशनल करने में कामयाब रहे थे। उन्होंने इस फिल्म का निर्देशन किया, साथ ही फिल्म को प्रोड्यूस भी किया। इस फिल्म के राइटर भी विधु विनोद चोपड़ा ही थे। हाल ही में उन्होंने बताया कि वह अपनी ही दो बड़ी हिट फिल्मों का सीक्वल लिख रहे हैं।

### कौन सी है दो बड़ी फिल्में

हाल ही में एक इंटरव्यू में विधु विनोद चोपड़ा ने दो बड़ी फिल्मों के सीक्वल को लेकर खुलासा किया। वह बताते हैं, 'हां, मैं 3 इडियट्स का दूसरा पार्ट और 'मुन्ना भाई 3 लिख रहा हूं।' इन फिल्मों का इंतजार दर्शकों को लंबे समय से है।

### फिल्मों की है बड़ी फैन फॉलोइंग

'3 इडियट्स' और 'मुन्ना भाई' सीरीज की फिल्मों की अपनी अलग ही फैन फॉलोइंग है। इन फिल्मों ने दर्शकों जहां खूब हंसाया है, वहीं उनकी जिंदगी पर भी पॉजिटिव असर डाला है। '3 इडियट्स' में आमिर खान मुख्य भूमिका में थे, वहीं 'मुन्ना भाई' में संजय दत्त ने मुख्य भूमिका निभाई थी। दोनों ही कलाकारों ने इन फिल्मों में ऐसे किरदार निभाए जो सिनेमा जगत में हमेशा याद रखे जाएंगे। '3 इडियट्स' में आमिर के किरदार रैंचो से कई लोग इंस्पायर हुए थे। वहीं 'मुन्ना भाई' सीरीज की फिल्मों में भी दर्शकों के लिए कोई ना कोई संदेश होता है।

### हॉरर कॉमेडी भी बनाएंगे

'3 इडियट्स' का दूसरा पार्ट और 'मुन्ना भाई 3' के अलावा भी विधु विनोद चोपड़ा एक हॉरर-कॉमेडी भी बनाने वाले हैं। इस फिल्म को लेकर अभी उन्होंने ज्यादा डिटेल शेयर नहीं की हैं।

### 12वीं फेल के बाद बढ़ी गई उम्मीद

विधु विनोद चोपड़ा निर्देशित पिछले साल रिलीज हुई फिल्म '12वीं फेल' दर्शकों को काफी पसंद आई थी इस फिल्म ने लोगों को बहुत मोटिवेट किया। फिल्म में एक गांव के गरीब लड़के की आईपीएस बनने की कहानी को दिखाया गया था। फिल्म में विक्रांत मैसी ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

# बड़े मियां छोटे मियां को कर पछता रही हैं अलाया?

अलाया एफ बॉलीवुड में डेब्यू कर चुकी है, हालांकि, उनकी फिल्में फ्लॉप लिस्ट का हिस्सा बन रही हैं। बड़े मियां छोटे मियां की असफलता के बाद अलाया के करियर को तगड़ा झटका लगा है। हालांकि, अब लग रहा है कि अलाया एफ इस फिल्म को कर के काफी निराश हैं। अलाया ने बड़े मियां छोटे मियां फिल्म को एक नई सीख के रूप में लिया है। अलाया ने कहा कि अब वह अपना कुछ समय फिल्में चुनने में निकालेंगी और करियर को फिर से पटरी पर लाएंगी। अलाया अब अपनी आगामी फिल्मों को लेकर काफी व्यस्त चल रही हैं।



# 'इंस्पेक्टर जेंदे' में मुख्य भूमिका निभाएंगे मनोज बाजपेयी



'द फैमिली मैन सीजन 3' के बाद मनोज बाजपेयी एक बार फिर पुलिसवाले के किरदार में नजर आने को तैयार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता नेटफ्लिक्स की आगामी फिल्म में नजर आ सकते हैं। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म 'इंस्पेक्टर जेंदे' नाम की फिल्म बनाना चाहती है। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में होंगे। उनके साथ अभिनेता जिम सर्भ भी नजर आएंगे। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म से जुड़ी जानकारियों अभी गुप्त हैं और इस परियोजना पर अभिनेता ने साइन कर दिया है और अगले साल से इस पर काम शुरू होगा। पीपिंग मून के मुताबिक मनोज बाजपेयी, जो फिल्मों और वेब-सीरीज के कई शेड्यूल में व्यस्त हैं, अगले महीने यानी जनवरी से नेटफ्लिक्स ड्रामा पर काम शुरू करेंगे। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि फिल्म की टीम ने पहले ही फिल्म पर काम शुरू कर दिया है, जिसे मुंबई में एक ही शेड्यूल में शूट किया जाएगा और फरवरी तक यह शूट चलेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरभ और अन्य लोग पहले ही शूटिंग में शामिल हो चुके हैं, जबकि बाजपेयी अपने शेड्यूल को देखते हुए 5 जनवरी को उनके साथ जुड़ेंगे।

एक्शन कॉमेडी फिल्म होगी रिपोर्ट्स में बताया गया कि इस फिल्म में ना केवल बाजपेयी मुख्य भूमिका में होंगे, बल्कि यह एक एक्शन कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें एक्शन, कॉमेडी और सस्पेंस एक साथ होंगे। हालांकि, बाकी कलाकारों को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इसके अलावा कहा जा रहा है कि फिल्म का निर्माण जय शेवक्रमणि द्वारा किया जाएगा, जिन्होंने कार्तिक आर्यन अभिनीत 'फ्रेडी' और करीना कपूर खान अभिनीत 'जाने जां' जैसी फिल्में बनाई हैं।



# सोचा नहीं था कमर्शियल सिनेमा का हिस्सा बनूंगा

**इंडियन सिनेमा के सबसे लोकप्रिय किरदार 'पुष्प राज' की आवाज बन चुके श्रेयस तलपदे की 'पुष्पा 2' के बाद दूसरी फिल्म 'मुफासा- द लॉयन किंग' रिलीज हो रही है। इस फिल्म में एक्टर ने टिमोन के किरदार की डबिंग की है। हाल ही में श्रेयस तलपडे ने इस फिल्म को लेकर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अपनी फिल्म 'इकबाल' को लेकर कुछ खास यादें शेयर करते हुए कहा कि इस फिल्म को करते समय कमर्शियल सिनेमा के बारे में नहीं सोचा था।**

मुफासा- द लॉयन किंग' के हिंदी वर्जन में शाहरुख खान और उनके बेटों की आवाज सुनने को मिलेगी। शाहरुख खान ने इस फिल्म के मुख्य किरदार मुफासा, आर्यन खान ने सिंबा और अबराम ने छोटे मुफासा की डबिंग की है। एक तरह से देखा जाए तो यह शाहरुख खान की फैमिली फिल्म हो गई है। श्रेयस तलपडे ने इस फिल्म में टिमोन के किरदार की डबिंग की है। वह कहते हैं- हम तो बहुत बड़े शाहरुख खान के फैन हैं। इस फिल्म से जुड़कर बहुत खुशी हुई।

### एनिमेटेड करेक्टर की डबिंग बिल्कुल ही अलग होती है

श्रेयस तलपडे मानते है कि एनिमेटेड करेक्टर की डबिंग बिल्कुल ही अलग होती है। वह कहते हैं- ओरिजिनल करेक्टर के सुर को पकड़कर अपने अंदाज और अपनी भाषा में डबिंग करनी पड़ती है। सबको भाषा समझ में आए, इसका भी ध्यान देना पड़ता है। टिमोन को हिंदी में मयूर पुरी ने सहज भाषा में लिखा है, लेकिन उसमें अपनी तरफ से भी कुछ वाक्य ऐसे जोड़ने पड़े, जिसे हिंदी दर्शक आसानी से समझ सके। हमने ऐसी कोशिश की है कि डायलॉग असरदार तरीके से लोगों तक पहुंचे।

### बेटर परफॉर्मेंस का प्रेशर हमेशा रहता है

श्रेयस तलपडे कहते हैं- 'द लॉयन किंग' में टिमोन के किरदार की डबिंग कर चुका था। किरदार के बारे में तो मुझे पता था। 2019 में यह बहुत बड़ी हिट हुई थी। ऐसे में दर्शकों की उम्मीदें थोड़ी बढ़ जाती है। हमारे सामने भी बेटर परफॉर्मेंस का प्रेशर हमेशा रहता है। इसलिए यह किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होता है।

### टिमोन की वजह से 'पुष्पा पार्ट वन' मिला था

'द लॉयन किंग' से श्रेयस तलपडे ने प्रोफेशनल तरीके से डबिंग की दुनिया में कदम रखा था। वह कहते हैं- डबिंग की दुनिया में एक कलाकार के तौर पर टिमोन की डबिंग मेरा पहला प्रयोग था। इस फिल्म के टिमोन किरदार की वजह से ही मुझे 'पुष्पा पार्ट वन' में डबिंग करने का मौका मिला था और फिर 'पुष्पा पार्ट टू' मिली थी।

### डबिंग अब पैरेलल इंडस्ट्री बन गई है

क्षेत्रीय फिल्मों की वजह से अब डबिंग पैरेलल इंडस्ट्री बन गई है। श्रेयस तलपडे कहते हैं- बेसिकली डबिंग भी एक आर्ट है। इसको भी एक सम्मानित जगह मिलनी ही थी। आज क्षेत्रीय फिल्में पैन इंडिया स्तर पर रिलीज हो रही हैं। इसका फायदा डबिंग कलाकारों को मिल रहा है। डबिंग कलाकारों का सम्मान बढ़ा है और लोग उन्हें उनके नाम से जानने लगे हैं। अब यह इंडस्ट्री भी तेजी से बढ़ रही है। इकबाल दिल के बहुत करीब है, मिस करता हूं

### सोचा नहीं था कमर्शियल फिल्म में मौका मिलेगा

फिल्म 'इकबाल' से जुड़ा एक किस्सा शेयर करते हुए श्रेयस ने कहा- गोवा फिल्म फेस्टिवल में 'इकबाल' दिखाई जा रही थी। तभी सुभाष घई जी का फोन आया कि संगीत सिवन एक फिल्म 'अपना सपना मनी मनी' बना रहे हैं, गोवा से आते ही उनसे मिल लेना।

### सुभाष घई बोले- तो क्या उम्र भर इकबाल ही करता रहेगा

श्रेयस तलपडे को उम्मीद नहीं थी कि 'इकबाल' के तुरंत बात उन्हें कमर्शियल फिल्म में काम करने मौका मिलेगा। वह कहते हैं- 'अपना सपना मनी मनी' का नाम सुनते ही मैंने सोचा कि यह तो कमर्शियल फिल्म है। मन की बात जब सुभाष घई जी से शेयर की। वे बोले- तो क्या उम्र भर 'इकबाल' ही करता रहेगा, कमर्शियल फिल्म नहीं करेगा। मैंने कहा कि कभी सोचा नहीं था कि कमर्शियल फिल्म में काम करने का मौका मिलेगा।